दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 04 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 145 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# 'सोच समझकर बोलें, डीप फेक...', चुनाव से पहले पीएम मोदी की मंत्रियों को अहम सलाह

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 मार्च को अपने मंत्रिपरिषद की एक दिवसीय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें विकसित भारतः 2047 लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार किए गए विजन दस्तावेज पर मंथन किया गया, साथ ही अगले पांच साल के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई। मंत्रिपरिषद में पीएम मोदी ने मंत्रियों को करीब 1 घंटे संबोधित किया। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने मंत्रियों को कहा कि वह बोलने में परहेज करें, सोच समझकर बोलें. पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा कि बोलना है तो योजनाओं पर बोलें, विवादित बयानों से बचें।

## डीप फेक से बचने की सलाह

पीएम मोदी ने डीप फेक से बचने की सलाह भी अपने मंत्रियों के दी। उन्होंने कहा कि आवाज बदलकर धोखा देने की जो कोशिश की जाती है, उससे सतर्क रहें। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने राज्यसभा के सांसदों को चुनाव लड़ने को कहा था। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की झलक इस बजट में दिखनी चाहिए, जो इस बार जून में पेश होगा. मंत्रिपरिषद की इस बैठक में पांच प्रेजेंटेशन सचिवों ने दिया। जबकि अश्विनी वैष्णव, हरदीप पुरी, किरेन रीजीजू, अर्जुन मेघवाल, पीयूष गोयल ने प्रजेंटेशन पर अपने सुझाव दिए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में विकसित भारत 2047 के विजन दस्तावेज और अगले 5 साल के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। मई, 2024 में नई सरकार के गठन के बाद तत्काल कार्यान्वयन के लिए एक 100-दिवसीय एजेंडे पर भी काम किया गया।




### विकसित भारत का रोडमैप

विकसित भारत के रोडमैप में साफ तौर पर से राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्य बिंदुओं के साथ एक व्यापक खाका है। इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, एसडीजी, जीवनयापन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विकसित भारत का रोडमैप 2 साल से अधिक की गहन तैयारी का नतीजा है। इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श और युवाओं को उनके विचार, सुझाव और इनपुट हासिल करने के लिए संगठित करने का एक संपूर्ण सरकारी नजरिया शामिल था। विभिन्न स्तरों पर 2700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। इसके लिए 20 लाख से अधिक युवाओं के सुझाव हासिल हुए।

दैनिक करंट क्राइम

# शुरू हुई होली महोत्सव की तैयारियां

## संपादक मनोज गुप्ता ने कहा खूब जमेगा रंग जब खेलेंगे गाजियाबाद वाले होली एकसंग





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वर्ष 2023 के महा होली मिलन समारोह की सफलता का करंट अभी तक सभी को याद है। एक ऐसा होली महोत्सव जिसमें शहर के सभी वर्गों की सहभागिता ने इसे महा महोत्सव बनाया था और टीम करंट क्राइम की मेहनत को कामयाब कर दिया था। होली की ये सफलता, होली का ये महोत्सव, होली का ये जश्न तभी संभव हो सका जब आपके यानि क्षेत्र के सम्मानित पाठकों, गणमान्य नागरिकों और विज्ञापनदाताओं ने अपना दिल खोल दिया था। सभी को याद है कि ये होली मिलन समारोह पूरे एनसीआर और उत्तर प्रदेश में भी किसी भी समाचार पत्र द्वारा आयोजित सबसे बड़ा होली मिलन समारोह था। इस बार भी आपके जोश ने, आपके सहयोग ने हमें होली मिलन समारोह के लिए प्रेरित किया है। ये इसलिए संभव है कि आपने कभी एक अखबार नहीं परिवार की तरह अपना स्नेह दिया है। हमारे हरेक छोटे बड़े कार्यक्रम में आप सभी बड़े दिल के साथ भाग लेते हो। फिर से होली मिलन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दैनिक करंट क्राइम होली महोत्सव की तैयारियों को लेकर दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पर कोर कमेटी की बैठक हुई। इसको और अधिक भव्य बनाने के लिए सभी ने अपने विचार रखे। इस बैठक में संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह, विज्ञापन प्रबंधक हरीश कुमार, सहायक विज्ञापन प्रबंधक जोगेन्द्र कुमार, विष्णु गुप्ता मौजूद रहे। तैयारियों को लेकर संपादक मनोज गुप्ता ने दिशा निर्देश दिये। समाचार संपादक दीपक भाटी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस बार का होली महोत्सव पहले से भी अधिक भव्य होगा। पूरा शहर हमारा है और हम शहर के हैं। यह होली महोत्सव केवल एक अखबार का नहीं है बल्कि लाखों पाठकों वाले परिवार का है। हमें उम्मीद है कि हमारे सहयोगियों के स्नेह का गुलाल और हमारे पाठकों के प्यार का रंग करंट क्राइम होली महोत्सव पर जमकर बरसेगा।

# महापौर ने रात्रि निरीक्षण के दौरान ग्रीन बेल्ट पर गोबर डालते पकड़ा

## सभी पर लगेगा 1 लाख तक का जुमार्ना



## नासिरपुर गांव में डेयरियां चलाने वाले ग्रीन बेल्ट पर डालते हैं गोबर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महापौर सुनीता दयाल शहर के चहुंमुखी विकास के साथ साथ जनहित एवं नगर हित में लगातार कार्य कर रही हैं।
इसी कड़ी में उन्होंने रात्रि निरीक्षण के दौरान कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित स्वदेशी पालिटिक्स की ग्रीन बेल्ट पर एक व्यक्ति को गोबर डालते रंगेहाथ पकड़ा। पकड़े गये व्यक्ति का नाम नवीन है वह नासिरपुर गाँव का रहने वाला है। महापौर के पूछने पर नवीन ने कहा कि वह नासिरपुर का निवासी है और आज नौकरी से देर से आया इसलिए इस समय गोबर डालने आया था। उसने बताया कि सभी ग्रामवासी यहीं पर गोबर डालते हैं इसलिए मैं भी यहाँ गोबर डाल रहा हूँ। महापौर ने तत्काल नाम, पिता का नाम, फोन एवं पता नोट करवाया और कार्रवाई के साथ एक लाख का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा नासिरपुर में स्थित डेयरियों एवं पशुपालन करने वाले जो कहीं भी गोबर फेंक देते हैं और शहर की सुंदरता में कतई अपना सहयोग नहीं करते हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने यह भी देखा कि स्वदेशी कंपनी के बाहर वार्मिंग कंपोस्टिंग खाद बनाने हेतु स्थल है जिसकी आढ़ में शहरवासी वहां रात को गोबर डाल देते हैं।

# वूमैंस डे से पहले कमिश्नरेट को मिलेगा 20 पिंक बूथ पर काउंसलिंग वाला तोहफा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपी में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पहला ऐसा जिला बनने वाला है जो पिंक बूथ पर महिलाओं की काउंसलिंग का महत्वपूर्ण काम शुरू कर रहा है। इसकी शुरूआत आगामी 5 मार्च को की जाएगी। इस योजना का उद्घाटन मोदीनगर विधायक मंजू शिवाजी करेंगी। इसी दिन से गाजियाबाद के 20 पिंक बूथ पर महिलाओं की काउंसलिंग वाला सिलसिला शुरू हो जाएगा। पहले महिलाओं की काउंसलिंग केवल महिला थाना के अंतर्गत बने परिवार परामर्शकेंद्र पर होती थी, यह महिला सशक्तिकरण का संदेश देने वाला कार्य है और इसका शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से पूर्व एक गिफ्ट के रूप में दिया जा रहा है। यहां जो महिला काउंसलिंग करेंगी, उनकी पूर्व में तैनाती करने के साथ उनका पूरा परफॉर्मा तैयार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि 5 मार्च को दोपहर लगभग तीन बजे पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## कमिश्नरेट पुलिस देगी नारी सशक्तिकरण वाला संदेश






**महिला विधायक मंजू शिवाच करेंगी परमजीत हॉल से योजना का उद्घाटन**

### महिलाओं को मिलेगा सम्मान और न्याय

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महिलाओं को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए अब पिंक बूथ पर काउंसलिंग की भी व्यवस्था की गई है। जिसका लाभ यह होगा कि महिलाओं को अब महिला थाने और अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पिंक बूथ पर जो काउंसलर हैं उनको बताया गया है कि किसी अपराध के मामले में किस प्रकार से काउंसलिंग करनी है।

### दोपहर तीन बजे शुरू होगा कार्यक्रम



**करंट क्राइम।** पिंक बूथ पर महिलाओं की काउंसलिंग का कार्यक्रम कमिश्नरेट सिस्टम में इसी सप्ताह शुरू हो जाएगा। जिसका लाभ गाजियाबाद की आधी आबादी को मिलेगा। बीते दिनों एसीपी पूनम मिश्रा द्वारा महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण के तहत इस पूरे कार्यक्रम की योजना भी बनाई गई थी। जानकारी यह है कि 5 मार्च को दोपहर 3 बजे पुलिस लाइन के परमजीत हॉल से यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीक के जरिए शुरू किया जाएगा। जिसमें सभी पिंक बूथ ऑन लाइन रहेंगे।

### सिटी से लेकर ट्रांस हिंडन और देहात की महिलाओं को मिलेगा लाभ



**करंट क्राइम।** एडिशनल सीपी आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद के 20 पिंक बूथ पर अब 5 मार्च के बाद महिलाओं की काउंसलिंग भी वहीं से शुरू होगी। इससे महिला थाने पर कार्य का अतिरिक्त दबाव कम होगा। साथ ही महिलाओं को इधर-उधर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। महिला पिंक बूथ पर जो काउंसलर तय की गई हैं, उनके पूर्व में इंटरव्यू करने के साथ ही उनको किस प्रकार से कार्य करना है इसकी भी ट्रेनिंग दी गई है। उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया इसलिए शुरू की जा रही है ताकि महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके और महिला अपनी परेशानी को एक महिला को आसानी से बता सकें।

# साइबर अपराधी दे रहे हैं पुलिस को हर दिन नया चैलेंज

## कमिश्नरेट पुलिस ने जारी किया रहें सावधान और सतर्कता का अलर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साइबर अपराधी लगातार लोगों की गाड़ी कमाई पर निशान साध रहे हैं। वहीं एक गलत क्लिक पर लाखों रुपए का चूना लगा दे रहे हैं। वही साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की पकड़ अभी रफ्तार नहीं दिखा पा रही है। साइबर ठगों से बचने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने सावधान रहें, सतर्क रहें का अलर्ट जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि शातिर साइबर अपराधी द्वारा व्हाट्सएप पर एक सीएससी संबंधित मैसेज व एप फाइल शेयर की जा रही है। जिसको इंस्टॉल करने के बाद आपका फोन हैक हो जाएगा, आपके कॉल लॉग, एसएमएस, फोटो आदि डाटा चोरी हो जाएगा। जिससे आप आर्थिक धोखाधड़ी के भी शिकार हो सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सोशल मीडिया सेल और अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप पर यह सतर्कता वाला संदेश जारी किया गया है।







### थोड़ी सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की ओर से लोगों से अपील की जा रही है कि वह साइबर ठगों के किसी प्रकार के झांसे में ना आएं। किसी भी अनजान लिंक और अंजन कॉल को रिसीव ना करें। इसी के साथ सोशल मीडिया पर कोई आपसे व्यक्तिगत जानकारी मांगे तो उससे भी साझा ना करें। ऐसा करना आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकता है। लोगों से इस तरीके की अपील की जा रही है ताकि वह ठगी का शिकार होने से बच सकें।


### साइबर के हों शिकार, तो करें हर हाल में शिकायत



**करंट क्राइम।** एडीसीपी साइबर क्राइम सचिदानन्द का कहना है कि किसी के साथ भी साइबर अपराध हो तो तुरंत 1930 और साइबर पोर्टल पर शिकायत करें। इसके साथ ही साइबर थाने व संबंधित थाने को भी शिकायत करें।

# भाजपा के लिए चौथी बार इस सीट से जीतने की चुनौती... हारे प्रत्याशी पर लगाया दांव

**अमरोहा।** भाजपा ने एक बार फिर पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर पर दांव खेला है। अमरोहा लोकसभा से तीसरी बार चौधरी कंवर सिंह तंवर भाजपा के प्रत्याशी होंगे। इससे पहले वह 2014 के चुनाव में सांसद चुने गए थे। जबकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। लोकसभा 2024 के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने लगभग सभी सीटों पर पत्ते खोल दिए हैं। शनिवार के शाम प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। अमरोहा लोकसभा सीट से पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को प्रत्याशी बनाकर मैदान में भेजा है। वर्ष 1952 से अब तक बीजेपी अमरोहा लोकसभा सीट से तीन बार चुनाव जीती है। जबकि वर्ष 2009 में बीजेपी-लोकदल गठबंधन का प्रत्याशी चुनाव जीता था। लेकिन भाजपा के लिए चौथी बार लोकसभा सीट से चुनाव जीतने की चुनौती है। आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 1991 में क्रिकेटर चेतन चौहान भाजपा प्रत्याशी थे और उन्होंने जनता दल के प्रत्याशी हरगोविंद सिंह को हराकर चुनाव जीता था। इस चुनाव में चेतन चौहान को 2 लाख 25 हजार 805 वोट मिले थे। जबकि हरगोविंद सिंह को 1 लाख 67 हजार 928 वोट मिले थे। लेकिन वर्ष 1998 में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने चेतन चौहान पर दांव खेला था। इस दौरान चेतन चौहान बसपा के आले हसन को हराकर लोकसभा सदस्य चुने गए थे। लेकिन इसके एक साल बाद ही 1999 में लोकसभा चुनाव हुआ। इस चुनाव में राशिद अल्वी बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी थे। कड़के मुकाबले के बाद भी क्रिकेटर चेतन चौहान को राशिद अली के सामने हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद 2009 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन हुआ। ये सीट राष्ट्रीय लोकदल खाते में गई और देवेंद्र नागपाल गठबंधन प्रत्याशी बने। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी महबूब अली को हराकर चुनाव जीता था।



इसके बाद वर्ष 2014 के चुनाव में चौधरी कंवर सिंह तंवर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बने और उन्होंने समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी हुमैरा अख्तर को हराया था। वर्ष 1952 से लेकर अब तक के लोकसभा चुनाव की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी ने तीन लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है। भाजपा के लिए इस लोकसभा चुनाव में चौथी बार जीत हासिल करने की चुनौती रहेगी।

### भाजपा संकल्प पत्र तैयार करने के लिए हर वर्ग का लेगी सुझाव

भाजपा हर वर्ग का सुझाव लेकर चुनाव का संकल्प पत्र तैयार करेगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में एक एक पेटिका रखी जाएगी। इस पेटिका में कोई भी महिला या पुरुष अपना सुझाव लिखकर डाल सकता है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी ने पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश हित और समाज हित को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यक्ति पेटिका में सुझाव देगा। पार्टी के पदाधिकारियों को भी सुझाव दिए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 तक विकासशील देशों की श्रेणी में लाने के लिए संकल्प लिए हैं।

देश के विकास में कुछ कमियां रह जाती हैं। आम लोगों से उन कमियों के बारे में पता चलता है। इसी कारण पार्टी ने सुझाव के लिए यह नया कदम उठाया है। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष आकाश पाल, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, लोकसभा प्रभारी अशोक पाल मौजूद रहे।

## महाकुंभ में बोले मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव

# मेरे सीएम बनने से कई लोगों के पेट में हुआ दर्द

**लखनऊ।** लखनऊ के बिजनौर इलाके में हो रहे यादव महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव लखनऊ पहुंचे। लखनऊ जिले के बिजनौर के गुडौरा मैदान में होने वाले महाकुंभ को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।



### लोग ईर्ष्याभाव रखते हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने कहा मेरे आने के पहले बैठक करके इस कार्यक्रम को फेल बनाने की प्लानिंग की जा रही थी। यही नहीं समाज के कुछ लोगों को मेरे सीएम बनने से खुशी नहीं हुई बल्कि उनके पेट में दर्द हुआ। उन्होंने कहा कि यादव समाज धर्म के मार्ग में चलने वाला समाज है। उसने कभी धर्म को पीछे नहीं छोड़ा है। मोहन यादव ने कहा कि यूपी ही वह धरती है जो नारा देती हैं उसे साकार भी करती है। प्रदेश के साथ अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पूर्वज 400 साल पहले आजमगढ़ से ही मध्यप्रदेश गए थे। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कष्ट सहे लेकिन झुके नहीं। सनातन धर्म भी किसी के आगे नहीं झुका। भाजपा का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे सीएम का पद दिया गया। जबकि मेरे विधानसभा क्षेत्र में यादव के 500 वोट नहीं हैं। मैं वहां से तीन बार से चुनाव जीतता आया हूं।

### यादव अब एक परिवार का गुलाम नहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष यादव ने कहा कि यादव महाकुम्भ के माध्यम से यादव समाज को एकजुट किया गया। एक परिवार ने यादव समाज का शोषण कर गुलाब बनाकर रखा है। अब समाज मोहन यादव के साथ है। रामपाल यादव को सपा सरकार ने नेस्तो नाबूद किया था चार जिलों के आलावा किसी जिले में यादव का भला नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलना चाहिए। अखिलेश धीरे-धीरे यादवों को मुसलमान बनाने कि राह पर हैं। अब यादव समाज मोहन यादव के साथ रहेगा। अखिलेश ने केवल समाज का शोषण कर बर्बाद किया।

# पंजाब में तीन से 13 की फेर में फंसी भाजपा!

## नहीं घोषित किया कोई प्रत्याशी, कहीं ये वजह तो नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीन से 13 की फेर में फंस गई है। यही वजह है कि पहली सूची में पार्टी ने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पहले पार्टी सिर्फ तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारती थी। मगर अबकी बार पूरी 13 सीटों पर दावा ठोकेगी। यही वजह है कि उम्मीदवार तय करने में पार्टी को अतिरिक्त मंथन करना पड़ रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया है। पार्टी 195 प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। अभी पंजाब में किसी भी उम्मीदवार का एलान पार्टी ने नहीं किया है। बताया जा रहा है कि चुनाव समिति की बैठक में पंजाब के उम्मीदवारों के नामों पर मंथन



जरूर हुआ लेकिन पार्टी अभी नाम फाइनल नहीं कर पाई है। दरअसल, पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार के नाम को फाइनल करने में भाजपा को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि इससे पहले भाजपा लोकसभा चुनाव शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ गठबंधन में लड़ती थी। गठबंधन के तहत भाजपा सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ती थी। इन सीटों में गुरदासपुर, होशियारपुर और अमृतसर सीट शामिल हैं। बाकी 10 सीटों पर शिअद अपना प्रत्याशी उतारती थी। अब मौजूदा स्थिति में 13 सीटों पर उम्मीदवारों का चयन करना भाजपा के सामने मुसीबत से कम नहीं है।

2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा केवल गुरदासपुर और होशियारपुर लोकसभा सीट ही जीत पाई थी। गुरदासपुर से सनी देओल और होशियारपुर से सोम प्रकाश चुनाव जीते थे जबकि अमृतसर की सीट भाजपा के हाथ नहीं लगी थी। किसान आंदोलन के कारण सिरे नहीं चढ़ पाया गठबंधन पिछले कुछ समय से भाजपा का शिअद के साथ गठबंधन की चर्चा शुरू चुकी थी।

# बर्फ की सफेद चादर में लिपटीं औली-चकराता की वादियां

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम ने फिर करवट बदली है। पहाड़ से मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी है। चमोली जनपद में लगातार तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश हो रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हो रही है। औली और चकराता में फिर से बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। निजमुला घाटी के ईराणी, पाणा, झींझी, नंदानगर के रामणी, घूनी, पडेरगांव सहित कई गांवों में बर्फ जम गई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं। पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जमने से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।



उत्तरकाशी जिले में रात से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। जिसके चलते गंगोत्री हाईवे सुक्की टॉप से आगे बंद है। मोरी क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई है।

चकराता में सीजन की चौथी बर्फबारी हुई है। क्षेत्र के लोखंडी, कोटी-कनासर, जाड़ी, बुल्हाड़, देववन, केराड़ में भारी बर्फ पड़ी है। बर्फबारी के बाद जमीन पर छह इंच मोटी बर्फ की चादर जम गई है। इधर, बदरीनाथ हाईवे पागलनाला में करीब एक घंटे तक बाधित रहा। यहां हाईवे पर आया मलबा दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। हाईवे पर हनुमान चटटी से आगे बर्फ हटाने का काम भी प्रभावित हो गया है। जोशीमठ-औली और चमोली-गोपेश्वर-मंडल-ऊखीमठ हाईवे पर भी बर्फ जम जाने से वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही है।

यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में बर्फबारी के बाद मौसम साफ हो गया है। लेकिन, खरशालीगांव में स्थित मां यमुना मंदिर में बर्फ जमी हुई है। चमोली जिले में बर्फबारी के बाद कई गांव बर्फ से ढक गए हैं। देवाल के गांवों में भी खेत खलिहान बर्फ से पटे हैं। बदरीनाथ, केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, गौरसों बुग्याल के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। औली में भी बर्फबारी के बाद भारी मात्रा में बर्फ जमी है। वहीं, आज देहरादून के साथ उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, पौड़ी, हरिद्वार जिले में बिजली चमकने और तेज गर्जन के साथ बारिश होने के आसार जताए हैं।

नई टिहरी, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर में कहीं-कहीं तेज गर्जन और बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की भी संभावना है। वहीं, कुमाऊं में भी मौसम बिगड़ा हुआ है। बागेश्वर के धूर क्षेत्र में जमकर बर्फबारी हुई।

# एलजी ने पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिजनों को सौंपे नियुक्ति पत्र, एक-एक कनाल जमीन भी दी

**जम्मू।** उपराज्यपाल ने परिवार के सदस्यों को भविष्य में अपने प्रशासन से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुंछ के उपायुक्त चौधरी मोहम्मद यासीन भी मौजूद रहे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने रविवार को पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिजनों को नौकरी के पत्र सौंपे। साथ ही परिवारों को आवास बनाने के लिए एक-एक कनाल भूमि के आवंटन आदेश भी सौंपे गए। पिछले साल दिसंबर में पुंछ जिले में आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के बाद कथित तौर पर हिरासत में तीन नागरिकों की मौत हो गई थी।

21 दिसंबर 2023 को डेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया



था, जिसमें चार सैनिक की जान चली गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद तीन सफीर अहमद (43), मोहम्मद शौकत अली (27) और शब्बीर अहमद (32) को पूछताछ के लिए उठाया गया था और अगले दिन वे मृत पाए गए थे।

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने 23 फरवरी को मारे गए नागरिकों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की थी। प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल ने पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिजनों को एसआरओ-43 के तहत नियुक्ति आदेश सौंपे।

उन्होंने कहा कि नियुक्ति आदेश सफीर अहमद की पत्नी जरीना बेगम, शौकत अली के भाई मोहम्मद रजाक और शब्बीर अहमद के भाई मोहम्मद कबीर को सौंप दिए गए। तीनों सुरनकोट के बुफलियाज इलाके के एक गांव के निवासी हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि उपराज्यपाल ने परिवार के सदस्यों को भविष्य में अपने प्रशासन से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पुंछ के उपायुक्त चौधरी मोहम्मद यासीन भी मौजूद रहे। जनवरी में सेना ने मृत नागरिकों के गांव टोपा पीर को गोद लेने और एक प्रमुख आउटरीच पहल के हिस्से के रूप में इसे एक मॉडल गांव में बदलने के अपने फैसले की घोषणा की है। सेना प्रमुख मनोज पांडे और उपराज्यपाल सिन्हा के साथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल 27 दिसंबर को राजोरी जिले की अपनी यात्रा के दौरान मारे गए नागरिकों के परिवारों से मुलाकात की और न्याय का आश्वासन दिया था।

# सांसद डॉ. हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास का ऐलान

## पोस्ट कर लिखी चुनाव न लड़ने की वजह

**नई दिल्ली।** डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब मैं वापस अपने काम की ओर लौटना चाहता हूं। कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लिनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है।

लोकसभी चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों पहली लिस्ट आने के बाद राजधानी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास का एलान कर दिया है। इससे पहले, पूर्व दिल्ली से भाजपा के सांसद गौतम गंभीर और झारखंड के हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा की पहली लिस्ट आने से पहले ही सक्रिय राजनीति से अलग करने का आग्रह किया था। वहीं, अब सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने भी सक्रिय राजनीति से खुद को अलग करने का फैसला लिया है। डॉ. हर्षवर्धन ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। डॉ. हर्षवर्धन ने तीस साल से ज्यादा के शानदार चुनावी



करियर में मैंने सभी पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े, जिनमें मैंने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इनके अलावा, पार्टी संगठन, राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्य भी किया। अब मैं वापस अपने काम की ओर लौटना चाहता हूं। कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लिनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने लिखा कि पचास साल पहले जब मैंने गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की इच्छा के साथ कानपुर स्थित जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश लिया तो मानव जाति की सेवा ही मेरा आदर्श वाक्य था। तत्कालीन आरएसएस नेतृत्व के आग्रह पर मैं चुनावी मैदान आया. वे मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं - गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था।

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी पार्टी के सभी कार्यकताओं, अपने प्रशंसकों और आम नागरिकों के समर्थकों के साथ-साथ अपनी पार्टी के नेताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। उन सभी ने तीन दशकों से अधिक की इस उल्लेखनीय यात्रा में योगदान दिया है। भाजपा द्वारा जारी पहली लिस्ट में दिल्ली की पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें चांदनी चौक, नई दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली संसदीय सीट शामिल है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी को छोड़कर भाजपा ने सभी मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए है। चांदनी चौक से व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल, नई दिल्ली से पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और पश्चिम दिल्ली से पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर कमलजीत सहरावत पर भाजपा ने भरोसा जताया है।

# ऐसे अपराधियों को पुलिस भेजेगी जेल

## बाप-दादा की संपत्ति तक होगी जब्त, सीएम योगी ने की घोषणा

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। सीएम योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं



होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे।

उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें।

**जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय, सरकार दे रही पैसा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे।

**नए भारत के नए यूपी में शिक्षा व्यवस्था भी हो रही नई :** सीएम योगी ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप नई हो रही है। सरकार इसी हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। सरकार का संकल्प है कि यूपी का युवा दुनिया में किसी से पीछे नहीं रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सरकार ने हर जिले में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश बदल चुका है। यहां सुरक्षा है तो समृद्धि भी है। आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। जबकि पहले युवा, आस्था, समृद्धि और सुरक्षा की चर्चा नहीं होती थी। 2014 के पहले यही हालात थे।

### डिजिटली सक्षम बन रहे यूपी के युवा, बनाएंगे डिजिटल इंडिया का अग्रणी राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

# छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान 10 को देशभर में रेल रोको आंदोलन



**चंडीगढ़।** किसान संगठनों ने दिल्ली कूच की नई रणनीति बनाई है। इसके मुताबिक पंजाब और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी राज्यों के किसान छह मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। वहीं 10 मार्च को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि 13 फरवरी से किसान संगठन पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हैं। पंजाब के बठिंडा जिले के गांव बल्लों में युवा किसान शुभकरण सिंह का भोग समागम रविवार को हुआ। इसमें देशभर से अलग-अलग किसान संगठनों के नेता पहुंचे। किसानों ने शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी। किसान संगठनों ने बड़ा एलान किया। छह मार्च को पंजाब और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी राज्यों के किसान दिल्ली कूच करेंगे। वहीं 10 मार्च को पूरे देश में चार घंटे किसान 'रेल रोको' आंदोलन करेंगे। 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत होगी।

**किसानों ने बदली रणनीति, दिल्ली जाने का बनाया नया प्लान**

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली जाने का कार्यक्रम पहली की तरह है। दिल्ली जाने का कार्यक्रम न पीछे किया और न करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को कैसे घुटनों के बल लाना है, इसके लिए कुछ रणनीति तय की हैं। डल्लेवाल के मुताबिक शंभू और खनौरी बॉर्डर में किसानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा बाकी बॉर्डरों को किसान बंद करेंगे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# टिकट होल्ड को लेकर अगले दिन भी रही चर्चा बोल्ड
# किसी ने कहा ऑल इज वैल तो कोई बोला हो गया है खेल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को भाजपा ने अपनी लोकसभा टिकट वाली पहली लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 51 टिकट उत्तर प्रदेश के भी शामिल थे और इस लिस्ट का सबसे बड़ा ट्विस्ट गाजियाबाद से आया। लोगो को झटका तब लगा जब इस लिस्ट में नोएडा का टिकट रिपीट हुआ, बुलंदशहर का टिकट रिपीट हुआ लेकिन सबसे बड़ा भगवागढ कहे जाने वाले गाजियाबाद का टिकट रिपीट नहीं हुआ और ये टिकट होल्ड हो गया। चर्चा शुरू हो गई और वजह जानने के लिए दिल्ली से लखनऊ तक फोन होते रहे। आखिर ऐसी क्या वजह है कि गाजियाबाद लोकसभा को होल्ड किया गया है। अगले दिन भी टिकट होल्ड को लेकर चर्चा का बाजार पूरा गर्म रहा। जनरल समर्थकों ने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है और ऑल इज वैल ।लेकिन यहां पर विपक्षी दलों का टोला कुछ और ही बोला। विपक्ष भी यहां भाजपा का ही है और इसे विरोधी गुट भी कहा जा सकता है। विपक्षी टोला बता रहा है कि खेला हो गया है। इसीलिए स्टोरी में होल्ड वाला ट्विस्ट आया है। यहां पर विधायक टोला पहले से ही अपने संदेश देता आया है। वो लोकसभा की मयार्दा में है लेकिन विधानसभा में वो अपनी ताकत को दिखाते हैं। तभी सेल्फी में एक साथ नजर आते हैं तो कभी दिशा की बैठक वाले दिन भी वो विधायक के भंडारे में पहुंच जाते हैं। हालांकि यहां पर एक खेमा जनरल के टिकट को लेकर पूरी तरह कन्फर्म है और उन्होंने कहा भी कि फुल मजबूती के साथ छाप दो कि चुनाव तो जनरल वीके सिंह ही लड़ेगें। वहीं एक चर्चा ये होती रही कि इतनी मजबूत सीट पर टिकट होना होता तो हो जाता। बहरहाल अपने अपने तर्क दिये जाते रहे। किसी ने कहा कि कुछ बड़ा सोचा होगा और किसी ने कहा कि कुछ तो सोचा ही है तभी तो होल्ड वाला लोचा आया है।

## क्या संकट मोचक के टिकट पर सही में है कोई संकट



करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा एक ऐसी लोकसभा है जहां से पार्टी ने लोकसभा की बड़ी जीत हासिल की है। यहां मेयर सीट पर पार्टी रिकार्ड वोटों से जीती है और देश की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपा को देश की सबसे बड़ी जीत हासिल हुई है। दूसरी तरफ जनरल वीके सिंह का नाम एक बड़ा नाम है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की गुडबुक के नेता माने जाते हैं। सरकार के कई मौकों पर उन्होंने सकंट मोचक की भूमिका निभाई है। अरब देशों से भारतीय श्रमिकों को लाना हो या फिर पोलैंड से भारतीय छात्रों को युद्धग्रस्त इलाके से सुरक्षित लेकर आना हो। जनरल वीके सिंह यहां पूरी तरह सफल साबित हुए हैं। हाल ही में उत्तराखंड में सुरंग आपदा के दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन में डेरा डालकर वहीं रहे थे और स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी प्रशंसा की थी। अपने लोकसभा क्षेत्र में रिकार्ड विकास कार्य कराये हैं। ईमानदार छवि के सांसद हैं और कोई आरोप नहीं है। ऐसे में टिकट का होल्ड होना इस बात की चर्चा को जन्म दे रहा है कि क्या संकट मोचक के लोकसभा वाले टिकट पर वास्तव में कोई संकट है। क्या उनकी दावेदारी विकट हो रही है। क्योंकि ये पार्टी की वीवीआईपी सीट है और यहां भाजपा का टिकट ही जीत की गारंटी माना जाता है। ऐसे में टिकट होल्ड की कहानी सबको सोचने पर मजबूर कर रही है।

## आध्यात्मिक गुरू, फिल्मी हीरोइन और अधिकारी के बीच ठाकुर चर्चा



करंट क्राइम। राजनीति में जब भी कोई छोटी बड़ी घटना होती तो उसके इफैक्ट आते हैं। भगवागढ़ में लोकसभा का टिकट होल्ड हुआ तो अलग-अलग कयास आ गये। किसी ने कहा कि यहां से कंगना रनौत का चेहरा भी उम्मीदवार हो सकता है। वहीं एक लॉबी ने बताया कि यहां से आध्यात्मिक त्यागी भी चुनाव लड़ सकते हैं और फिल्मी और धर्मगुरू के बीच एक रिटायर्ड अधिकारी का नाम भी आया। लेकिन कहानी में मोड तब आया जब भगवागढ़ के भाजपाईयों की जुबान पर रविवार को ठाकुर अरूण सिंह का नाम आया। बताया जाता ये है कि अरूण सिंह मथुरा से भी लड़ने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन यहां पंजाबी में गल यानि बात नहीं बनी और उनकी दावेदारी का ड्रीम पूरा नहीं हुआ क्योंकि पार्टी ने ड्रीम गर्ल को मथुरा से टिकट दे दिया। अब यहां अरूण सिंह का नाम भी चर्चा में है। फिलहाल चर्चा यही है कि पर्चा कौन भरेगा। क्योंकि सब ये जानना चाहते हैं कि टिकट क्यों होल्ड हुआ है किसके लिए होल्ड हुआ है। वैसे 2019 में भी टिकट देर से घोषित हुआ था और होली वाले दिन राजनगर में रंग बरसा था जब शाम को लिस्ट आई थी और जनरल का टिकट घोषित हो गया था।

**अब यहां अरूण सिंह का नाम भी चर्चा में है। फिलहाल चर्चा यही है कि पर्चा कौन भरेगा।**

## क्या टिकट होने तो नहीं जा रहा है किसी और लोकसभा में शिफ्ट

करंट क्राइम। पहली सूची जारी हो गई और यहां मेरठ भी होल्ड हो गया। गाजियाबाद भी होल्ड रहा। बागपत पहले ही हैंडपम्प समझौते में जा चुका है और गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर घोषित हो गये। ऐसे में एक चर्चा ये है कि कहीं टिकट की अदला बदली तो नहीं हो रही। मेरठ और गाजियाबाद होल्ड हैं। ये पहले से चर्चा चल रही है कि इस बार मेरठ से ठाकुर या जाट चेहरा आयेगा और गाजियाबाद में वैश्य चेहरा आयेगा। ऐसे में ये प्रबल उम्मीद है कि बागपत में जाट चेहरा आयेगा और अगर शिफ्ट वाला सीन हुआ तो मेरठ से ठाकुर और गाजियाबाद से वैश्य चेहरे को लाया जा सकता है।

## गाजियाबाद में हुई ओलो की बरसात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में रविवार शाम को अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई। गाजियाबाद के निवासियों का ना सिर्फ बारिश से सामना हुआ बल्कि इस दौरान ओले भी झमाझम गिरे। बारिश और ओलो की रफ्तार इतनी तेज थी की वाहनों के पहियों पर ब्रेक लग गए। इस बारिश ने और ओले गिरने से अचानक तापमान में ठंड बढ़ गई है।

गाजियाबाद में रविवार शाम लोग जिस समय घूमने और अपने काम से निकले थे उसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। गाजियाबाद निवासी सचिन ने बताया कि अचानक से इतनी तेज बारिश शुरू हुई और ओले गिरे के वाहन जहां थे वहीं रोकने पड़े। सड़क पर विजिबिलिटी बिल्कुल खत्म हो गई थी। बारिश इतनी तेज थी की सड़क पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। साथ ही ओलो की रफ्तार इतनी तेज थी की ऐसा लग रह रहा था की गाड़ी पर पत्थर गिर रहे हैं।

# बना हुआ है सस्पेंस क्यों हटाए गए ट्रोनिका सिटी के कोतवाल

**निरीक्षक प्रशांत त्यागी को मिला चार्ज**

गाजियाबाद , करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आखिरकार प्रभारी निरीक्षक ट्रोनिका सिटी प्रदीप त्रिपाठी को थाने से हटाकर लाइन भेज दिया गया है। उन पर लाइन वाली कार्रवाई क्यों हुई है यह इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों उनको लेकर एक विवादित ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था ।इसे भी उनपर हुई कार्रवाई का कारण बताया जा रहा है। वहीं विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि वैसे उन्हें पुलिस कमिश्नरेट में अभी तीन साल का समय नहीं हुआ था लेकिन वह पूर्व में यहां चुनाव करवा चुके हैं। शनिवार की देर रात प्रभारी निरीक्षक ट्रोनिका सिटी का कार्यक्षेत्र बदलते हुए यहां प्रशांत त्यागी को नई तैनाती दी गई है।

**पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों उनको लेकर एक विवादित ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था ।इसे भी उनपर हुई कार्रवाई का कारण बताया जा रहा है।**



### चुनावी घोषणा से पहले दी नए प्रभारी को जिम्मेदारी

करंट क्राइम। बीते दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली थी कि अब थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र में फिर बदल नहीं होगा लेकिन अचानक शनिवार की रात प्रदीप त्रिपाठी को लाइन भेजा गया। वहां उनके स्थान पर प्रशांत त्यागी को तैनाती मिलने के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि क्या और भी कोई नाम ऐसा है जो पुलिस कमिश्नरेट में अधिकारियों की रडार पर आ सकता है। हालांकि अभी सूत्र बता रहे हैं कि आचार संहिता लागू होने तक किसी के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव संभव है।

### क्या नहीं बन रही थी अधिकारियों से बात

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि ट्रोनिका सिटी प्रभारी को हटाए जाने के पीछे की कहानी यह है कि उनका अपने अधिकारियों से तालमेल ठीक प्रकार से नहीं चल रहा था। उनके द्वारा पूर्व में भी कई अधिकारियों के दरवाजों पर दस्तक दी गई थी लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई थी। साथ ही उन्होंने पूर्व में कमिश्नरेट से जाने की इच्छा भी जाहिर की थी लेकिन उसपर अंतिम रिपोर्ट नहीं लग पाई थी। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे उनका राजनीतिक और प्रशासनिक बैकग्राउंड मजबूत था लेकिन थाने से लाइन भेजे जाने की कहानी के पीछे की वजह अभी भी तलाशी जा रही हैं।

# एक ऐसा प्री-वेडिंग शूट जिसने बदल दी करोड़ो की अवधारणा

## कुंजन पंडित ने दिखाया विवाह की रस्मों में भारतीय संस्कार, पवित्रता और भक्ति साधना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर प्री वैडिंग शूट को लेकर अवधारणा अच्छी नहीं मानी जाती है। इसे बेहद खचीर्ला भी माना जाता है और अब आलोचना के घेरे में यह भी कहा जाता है कि यह पारिवारिक संस्कारों में अश्लीलता घोल रहा है। कई बार विवाह से पूर्व दूल्हा दुल्हन को प्री वैडिंग शूट में इस तरह के वस्त्र पहनाये जाते हैं जो विचित्र कहे जा सकते हैं और यह भी कहा जाता है कि कि यह अवधारणा ही पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित है। इसे सामान्य तौर पर संस्कृति के खिलाफ भी कहा जाता है लेकिन परिवर्तन की सुखद बयार भी हमारे देश के युवा लाते है। सामाजिक और सांस्कृतिक संस्कृति क्रान्ति के सबसे बड़े संवाहक भी वहीं है। कुछ ऐसा ही करके दिखाया है कुंजन पंडित ने। कुंजन पंडित शर्मा फोटो स्टूडियो के संचालक हैं। फोटोग्राफी के गुण उन्हें विरासत में मिले है और राष्ट्रवाद के संस्कारों से वो ओतप्रोत हैं। उन्होंने सबसे पहले प्री वैडिंग शूट के कॉन्सैप्ट को ही बदल दिया और कुंजन पंडित का भारतीय संस्कृति वाला प्री वैडिंग शूट जब आया तो यह करोड़ो लोगों को पसंद आया। करंट क्राइम से बातचीत में कुंजन पंडित ने बताया कि उन्होंने अपनी थीम में पौराणिक रूप को रखा। प्राकृतिक लोकेशन रखी और भक्ति की थीम पर काम किया। विवाह जैसे संस्कार की पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि कई बार फिल्मों में भी ऐसा सीन आ जाता है कि परिवार के साथ बैठे हों तो रिमोट उठाना पडता है और नजरे चुरानी पड़ती है और ऐसा ही कुछ प्री वैडिंग शूट के साथ हो रहा था। अब हमने अपने प्री वैडिंग शूट में पूजा पाठ को रखा है। शिवलिंग पर जलाभिषे को रखा है। गऊ माता की सेवा को इसका हिस्सा बनाया है। हमने अपने प्री वैडिंग शूट में प्रेम आस्था भक्ति और श्रृद्धा के साथ युवा पीढ़ी को सनातन संदेश दिया है।

### हमने विरोध करने वालों से ही ली थी संस्कृति की प्रेरणा





करंट क्राइम। कुंजन पंडित राष्ट्रवाद के युवा चेहरे हैं और सनातन संस्कृति की महत्ता को जानते हैं। जब उनसे यह पूछा गया कि जिस प्री वैडिंग शूट को सब बुरा कह रहे हैं तो इस बुराई को दूर करने की प्रेरणा कहा से ली। इस पर कुंजन पंडित ने कहा कि जो लोग प्री वैडिंग शूट की बुराईयों को गिनाकर विरोध कर रहे थे और इसे संस्कृति के खिलाफ बता रहे थे। हमें उन्हीं से प्रेरणा मिली। अपनी संस्कृति और धर्म के प्रति सकारात्मक नजरिया बनाना हमारा भी कर्तव्य है। यहां उन्होंने एक किस्सा बताते हुए कहा कि उनके पास कवि कुशल कुशलेंद्र आये थे। उनकी स्वयं की शादी थी और जब वो आये तो कुंजन पंडित ने उन्हें प्री वैडिंग शूट के लिए कहा। इस पर कुशल कुशलेंद्र ने इंकार किया और वो इससे बच रहे थे। तब कुंजन पंडित ने उन्हें भरोसा दिलाया कि हम एक ऐसे प्री वैड शूट का निर्माण करेंगे कि लोग तारीफ करेंगे। इसके बाद कुशल कुशलेंद्र की पत्नी खुशी जो स्वयं भी कवियत्रि हैं उन्होंने इसकी सहमति दी और फिर भारतीय संस्कृति की विरासत को अपने में समेटे इस प्री वैडिंग की सारी शूटिंग, लोकेशन, हरिद्वार के वीआईपी घाट पर हुई।

### ढाई करोड़ से अधिक हो चुके हैं व्यू और कुमार विश्वास ने किया है शेयर



करंट क्राइम। प्री वैडिंग शूट की भारतीय संस्कृति वाली अवधारणा को लेकर आये कुंजन पंडित अपने इस प्री वैडिंग शूट से छा गये हैं। उनका ये आईडिया बेहद कामयाब रहा है। अकेले इसी प्री वैडिंग शूट के ढाई करोड से अधिक व्यू हो चुके हैं। सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने भी इस प्री वैडिंग शूट को शेयर किया है। कुंजन पंडित ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता विनोद कुमार शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि 45 वर्षों से हमारा फोटोग्राफी का बिजनेस है। मुझे सनातम धर्म, संस्कृति, परिवार और राष्ट्रवाद के संस्कार अपने माता पिता से मिले हैं। हम अपनी संस्कृति अपनी धार्मिक मान्यताओं सामाजिक, मयार्दाओं को हमेशा ध्यान में रखकर कार्य करते हैं।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उठाया जीडीए और निगम के सामुदायिक भवनों को लीज पर देने की वैद्यता पर सवाल


## उन्होंने कहा कि जब वसूला जा चुका है शुल्क तो फिर नहीं है लीज पर देने का कानूनी अधिकार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव अक्सर समय-समय पर जनता से जुड़े मुद्दे उठाते हैं। जनहित के मुद्दों पर वो सरकार को भी घेर लेते हैं और सवाल पूछते हैं। जीडीए और निगम की विशद जानकारी रखते हैं और बिना किसी लाग लपेट के अपनी बात रखते हैं। हिमांशु लव ने जीडीए द्वारा सामुदायिक भवनों को लाखों रुपए लेकर लीज पर देने को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि पूरे शहर में जब जीडीए ने कॉलोनियों को विकसित किया था तो उसने सामुदायिक भवनों का निर्माण कम आय वर्ग के लोगों के लिए किया था। सबसे बड़ी बात ये है कि जिस समय कॉलोनी का निर्माण हुआ और जीडीए ने सामुदायिक भवन बनाये उसी समय विकास शुल्क के साथ ही जीडीए ने यहां भवन खरीदने वाले लोगों से इनकी कीमत वसूल कर ली थी। सड़क, नाली, सीवर और सामुदायिक भवन आवंटियों की सुविधा के लिए बनाये गये थे। इसके निर्माण के पीछे उद्देश्य भी यही था कि जो व्यक्ति बड़े बैंकट हॉल या बड़े फार्म हाऊस में अपने बच्चों की शादी, जन्मदिन अथवा अन्य सामाजिक आयोजन नहीं कर सकते वह जीडीए से मात्र 5000, 4000 रुपए में यह सामुदायिक भवन की सुविधा लेते थे। लेकिन जीडीए ने अब अपने कई सामुदायिक भवनों का बैंकट हॉल मालिकों को लीज पर दे दिया है। सामुदायिक भवन अब बैंकट हॉल बन गये हैं और जिस भी व्यक्ति ने जीडीए से यह सामुदायिक भवन लाखों रुपए में दिया है और लाखों रुपए उस पर लगये हैं तो फिर वो भी अब एक से दो लाख रुपए वसूल रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि गरीब वर्ग कहां से अपने बच्चों की शादी कर लेगा। कहां से आयोजन होंगे। यहां पर हिमांशु लव ने यह भी कहा कि अब जीडीए की राह पर नगर निगम भी चलने वाला है क्योंकि जब नगर निगम ने देखा कि जीडीए ने जनता के लिए बनाये सामुदायिक भवन को लाखों रुपए लेकर लीज पर दे दिया और जनता चुप रही और अब नगर निगम भी उसी राह पर चल पड़ा है। नगर निगम ने भी अपने सामुदायिक भवनों को सालाना लीज पर देने की तैयारी कर ली है। नगर निगम के जो सामुदायिक भवन 2000 से 4000 रुपए के किराये पर मिल जाते थे अब वो भी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जायेंगे।

पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि कोई जनप्रतिनिधि कोई जीडीए बोर्ड मैम्बर आवाज नहीं उठा रहा है। जनता भी खामोश है जबकि जिस सामुदायिक भवन का शुल्क जीडीए पहले ही आवंटन के साथ ही वसूल कर चुका है। जिस सामुदायिक भवन का शुल्क निगम वसूल कर चुका है उसे लीज पर देने का कोई अधिकार ना जीडीए को है और ना ही नगर निगम को है। हिमांशु लव का कहना है कि यह जनता के साथ अन्याय है और जनप्रतिनिधियों को भी आवाज उठानी चाहिए और जनता को भी अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए।



**पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि कोई जनप्रतिनिधि कोई जीडीए बोर्ड मैम्बर आवाज नहीं उठा रहा है। जनता भी खामोश है जबकि जिस सामुदायिक भवन का शुल्क जीडीए पहले ही आवंटन के साथ ही वसूल कर चुका है।**


Himanshulove Sharma is with Jaikamal Agarwal and 41 others.
4 h
यह बैंकट हॉल कवि नगर बी ब्लॉक और सी ब्लॉक वाली रोड पर है जो कभी कम आय वर्ग के लिए एक कम्युनिटी सेंटर बनाया गया था इन कम्युनिटी सेंटरों की कीमत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कवि नगर के आवंटियों से पूर्व में ही ले चुका है और यह उन व्यक्तियों की सुविधा हेतु बनाया गया था जो बड़े बैंकट हॉल अथवा फार्म हाउस में अपने बच्चों की शादी उनके जन्मदिन अथवा अन्य सांसारिक कार्य नहीं कर सकते और यह गाजियाबाद विकास [illegible] कारण से मात्र 5000 से ₹7000 में मिल जाया करते थे जो कि अब लाखों रुपए में उपलब्ध हो पाते हैं ऐसे अन्य कई कम्युनिटी सेंटरों को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण बैंकट वालों के लिए सालाना लीज पर दे चुका है क्या होगा उन गरीब आदमियों का इस व्यवसायिकता के आगे सभी नतमस्तक हैं कोई जनप्रतिनिधि इस विषय पर अपनी आवाज नहीं उठाता चाहे वह जीडीए बोर्ड के मेंबर ही क्यों ना हो और सुनने में आ रहा है की नगर निगम भी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की तर्ज पर ऐसे कम्युनिटी सेंटरों को जो नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में हैं उनको भी सालाना लीज पर देने का मन बना चुका है



## संपादकीय

# मौसम का बिगड़ता मिजाज चिंतनीय!

प्रकृति के चक्र के मुताबिक गर्मी, ठंड या बरसात का आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और यह समूची धरती के जीवन का स्रोत है। मगर जब यही मौसम धरती पर जानमाल के लिए खतरा साबित होने लगे तो यह गंभीर चिंता का मसला है। यों पिछले कुछ दशकों से लगातार जलवायु में बढ़ते तापमान और मौसम में असंतुलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले सम्मेलनों में विस्तृत चर्चा की जाती रही है, इसका कोई हल निकालने के लिए जरूरी उपाय करने की बातें होती हैं।

मगर हर अगले वर्ष मौसम का मिजाज बिगड़ता जा रहा है। जो मौसम जीवन देते रहे हैं, वे अब व्यापक तबाही और लोगों की मौत की वजह क्यों बन रहे हैं। गौरतलब है कि विज्ञान एवं पर्यापरण केंद्र की ओर से जारी स्टेट आफ एनवायरनमेंट 2024 रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष बेहद खराब मौसम की वजह से 3,287 लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, एक लाख चौबीस हजार पशुओं की मौत हो गई और बाईस लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे की फसल को नुकसान हुआ।

मौसम के बिगड़े मिजाज का सबसे ज्यादा शिकार हिमाचल प्रदेश रहा, जहां एक वर्ष में करीब डेढ़ सौ दिन संकट कायम रहा। इसके बाद मध्यप्रदेश में एक सौ इकतालीस और केरल व उत्तर प्रदेश में एक सौ उन्नीस दिन लोगों को मौसम की मार का सामना करना पड़ा। यों दुनिया भर में पर्यावरण में हो रहे उथल-पुथल की वजहें तलाशने की कोशिशें चल रही हैं, मगर इसके समांतर हाल के वर्षों में कभी बेतहाशा गर्मी, तो कभी कड़ाके की ठंड की मार या फिर बेलगाम बरसात, व्यापक भूस्खलन आदि से जानमाल के नुकसान का दायरा फैलने लगा है।

# यह शरीर ही ब्रह्मांड है

प्रस्तुति करंट क्राइम

### डॉ. गिरिजा नंदिनी (डॉ. वीनम गोयल)





विश्व का निर्माण करने वाले परम परमेश्वर ने मानव को असीम शक्ति दे रखी है जिसके बल से वह सब कुछ जान सकता है। उसे परमपिता परमेश्वर ने संपूर्ण जगत की रचना करके मनुष्य शरीर को ब्रह्मांड की प्रतिमूर्ति बनाकर उसमें अपने ज्ञान का समावेश किया है। वेद, पुराण, शास्त्र जितने भी महात्मय हैं जो पापों का नाश करते हैं व अपने-अपने धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष को देते हैं, सप्तलोकः भूलोक, भूवर्लोक, स्वर्गलोक, महर्लोक, जनलोक, तपलोक, सत्यलोक सप्त पाताल लोकः अतल, वितल, सुतल, रसातल, तलातल, महातल और पाताल लोक यह चौदह भुवनों का नाम ब्रह्मांड है। अष्टकुलाचल पर्वतः सुमेरु, हिमवान, विंध्याचल, माल्या, मंदराचल, श्री शैल, मैंनाक और कैलाश पर्वत सप्त द्वीपः जंबूद्वीप, प्लक्षद्वीप, शाल्मलद्वीप, कुशद्वीप, क्रौंचद्वीप, शाकद्वीप और श्वेत पुष्कर दीप सप्तसागरः लवण सागर, इक्षुरस सागर, सुरासिंधु सागर, घृतसागर, दही सागर, दूध का क्षीरसागर और मीठे जल का सागर ये सब मानव शरीर में विद्यमान हैं।

नाड़ियांः हमारे शरीर में 72000 नाड़ियां नदी रूप में बहती हैं। इसमें तीन नदियां इड़ा, पिंगला व सुषुम्ना हैं जो गंगा, यमुना व सरस्वती का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन सबकी उत्पत्ति स्थान मूलाधार है जहां यह तीनों मिलती हैं अर्थात संगम होता है। वहीं पर सोमेश्वर देव विराजमान है यह त्रिवेणी योग भी कहलाता है। यह हमारे पूरे शरीर में बहती हैं इस ब्रह्म जल में संयमी पुरुष स्नान करते हैं और उनको बाहर की गंगा आदि नदियों से क्या लाभ।

इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नदियां शिव तीर्थ हैं। शिव तीर्थ का मानसिक दिव्या स्नान योग मार्ग द्वारा कुंडलिनी शक्ति के जागरण से होता है। उसको जगाने का एकमात्र उपाय प्राणायाम ही हैं जैसेः दरवाजे का ताला चाबी से बिना परिश्रम ही सरलता से एक दम खुल जाता है इसी प्रकार कुंडलिनी शक्ति के उद्बोधन से मोक्ष का मार्ग खुल जाता है।

जैसे चुंबक अपनी ओर लोहे को खींचता है अर्थात चुंबक के निकट से लोहा हटता नहीं परंतु सोना चांदी तांबा आदि उत्तम धातु होते हुए भी नहीं मिल पाती इस प्रकार योग साधना करने वाले संयमी पुरुष ही अनुभूति को प्राप्त करते हैं।

शरीर में पंच प्राण, षटःचक्र, नाद, मन, कला, ज्योति, जालंधर, कामरूप, पूर्ण गिरी और श्री हट्टक महापीठ आदि सब कुछ इस देह में स्थित है। शरीर के हृदय आकाश में नाना प्रकार के जाति के देवता निवास करते हैं व परम आकाश(माथे के बीच) में परम परमेश्वर ब्रह्मा, विष्णु और महेश स्वयं विराजमान है। इसलिए बाहर ब्रह्मांड में जो सब गुण-वस्तु है वही सब शरीर में है प्राण के सहारे से, प्राण की सहायता से हम उनको देख सकते है व जान सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# तेल के बिना भी दोनों देशों का व्यापार 100 अरब डॉलर पहुंचाने का लक्ष्य, सेक्टर्स में हैं संभावनाएं



**नई दिल्ली।** आबु धाबी में मीडिया से बात करते हुए आर दिनेश ने कहा कि 'भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य महत्वकांक्षी है,

इस हासिल किया जा सकता है।' भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। ये कहना है भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश का। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। आर दिनेश ने कहा कि दोनों देशों के बीच मई 2022 में लागू हुए मुक्त व्यापार समझौते के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में बढ़ोतरी हुई है।

### क्या बोले सीआईआई अध्यक्ष

आर दिनेश वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आबु धाबी पहुंचे थे। आबु धाबी में मीडिया से बात करते हुए आर दिनेश ने कहा कि 'भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल द्विपक्षीय व्यापार को साल 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य महत्वकांक्षी है, लेकिन इस हासिल किया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि 'यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता' कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है।' वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। भारत अब यूएई का शीर्ष गैर-तेल व्यापार भागीदार है।

### इन सेक्टर्स में बढ़ सकता है सहयोग

आर दिनेश ने कहा, 'भारत का विशाल उपभोक्ता आधार और बढ़ती विनिर्माण क्षमता संयुक्त अरब अमीरात के उत्पादों के लिए इसे एक आकर्षक बाजार बनाती है। जबकि वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में यूएई की स्थिति भारतीय निर्यात को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करती है।' यूएई, भारत को कच्चे तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। दोनों देशों के बीच व्यापार में एक बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का है। उन्होंने कहा कि 'यह समझौता पासा पलटने वाला है, जो दूरसंचार, निर्माण और विकास, शिक्षा, पर्यावरण, वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यटन और फिल्म, आतिथ्य और समुद्री और हवाई परिवहन सेवाओं सहित अन्य सेवाओं में व्यवसायों के लिए अवसर प्रदान करता है।'

## भारत-नेपाल में जल्द शुरू होगी डिजिटल भुगतान सेवा, नए दिशा-निर्देश जारी



**नई दिल्ली।** नए निदेशों के तहत अब नेपाल के नागरिक प्रति डिजिटल लेनदेन के जरिये 2 लाख रुपये भारत से नेपाल भेज सकते हैं। इसके अलावा वॉक-इन ग्राहक प्रति लेनदेन 50,000 रुपये भेज सकते हैं। भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक के नए दिशानिदेशों की सराहना करते हुए कहा कि नए निदेशों से भारत-नेपाल के बीच डिजिटल वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। नए निदेशों के तहत अब नेपाल के नागरिक प्रति डिजिटल लेनदेन के जरिये 2 लाख रुपये भारत से नेपाल भेज सकते हैं। इसके अलावा वॉक-इन ग्राहक प्रति लेनदेन 50,000 रुपये भेज सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नेपाल में यूपीआई की सुविधा के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस-नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद भारत-नेपाल के बीच नकदी ले जाने असुविधा खत्म हो जाएगी। आरबीआई के नए निदेशों के मुताबिक, नेपाली खाताधारकों को प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये भेजने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा ग्राहक साल में 12 बार व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होकर 50,000 रुपये की राशि नेपाल भेज सकते हैं। जून 2023 में, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) ने भारत के यूपीआई और नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस को एकीकृत करके दोनों देशों के बीच सीमा पार डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू करने का एलान किया था।

## नौकरशाहों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेने का मामला, ईडी की चेन्नई में कई ठिकानों पर छापेमारी



**नई दिल ली।** ईडी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी देर शाम शुरू की गई। चेन्नई में आठ से नौ परिसरों पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन कब्जाने के मामले में धनशोधन और नौकरशाहों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेने के आरोपों की जांच के तहत चेन्नई में राजनीति से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी देर शाम शुरू की गई। चेन्नई में आठ से नौ परिसरों पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिन परिसरों में छापेमारी की गई, उनका ताल्लुक शहर के नुंगमबक्कम इलाके में कथित जमीन कब्जाने के मामले और नौकरशाहों की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेने से जुड़ा है।

## राशिफल

**मेषः** आज भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। नए कॉन्टैक्ट से फायदा हो सकता है। आज अपने मेहनत पूर्ण कार्य से अपने बॉस का मन मोह लेंगे।

**वृषः** आज का दिन आप में से कुछ के लिए काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुनः** आज अचानक घर परकोई मेहमान आयेंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को आज कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्कः** मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भौतिक सुख सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। छोटे भाई–बहनों के साथ मेल–जोल रहेगा।

**सिंहः** आपको नौकरी या काम–काज से जुड़े कई नए विकल्प मिल सकते हैं। जल्दबाजी में निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए।

**कन्याः** आज आप परिवार वालों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, उन्हें आज तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे।

**तुलाः** दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। कोई इच्छा पूरी होगी। अविवाहित लोगों के लिए दिन अच्छा है। विवाह प्रस्ताव भी मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिकः** अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आय में वृद्धि संभव है। नए अधिग्रहण होंगे जो आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार करेंगे।

**धनुः** खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे।

**मकरः** किसी काम के कारण यात्रा करनी होगी। मानसिक भटकाव के कारण काम पर ध्यान देने में कठिनाई होगी। अपने दिल की बातें पार्टनर से बिल्कुल न छुपाएं।

**कुंभः** मिले–जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन वे आपके पक्ष में रहेंगे। बेकार की गतिविधियों में अपना समय और ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने निर्णयों पर उचित ध्यान दें।

**मीनः** आज परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के बुक सैलर के लिए आज का दिन लाभ दिलाने वाला होगा।

## चुटकुले

चीकू– अरे ये लोग बार–बार बॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
मीकू– अरे वे सभी गोल कर रहे हैं।
चीकू– बॉल तो पहले से गोल है,और कितना गोल करेंगे।


---

पंडित जी– विवाह क्या है?
मौंटी– विवाह एक ऐसा गठबंधन है, जिसमें 2 लोग मिलकर उन समस्याओं को सुलझाने का जीवन भर प्रयास करते हैं। जो पहले कभी थी हीं नहीं।

---

टीचर– 4 और 4 कितने होते हैं?
गोलू– 10 होते हैं।
टीचर– 8 होते हैं... नालायक
गोलू– हम दिलदार घर से हैं... 2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द कम हो जाता है।
- 92% लोग सिर्फ हंस देते हैं, जब उन्हें सामने वाले की बात समझ नहीं आती है।
- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं।



# शार्दुल ठाकुर ने बचाई मुंबई की इज्जत

## छक्का लगाकर ठोका अपने एफसी करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024 का सेमीफाइनल मुकाबला मुंबई और तमिलनाडु के बीच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में मुंबई की बल्लेबाजी पूरी तरह से बिखर गई थी। लेकिन 9वें नंबर पर आकर लॉड शार्दुल ठाकुर ने अपने फर्स्ट क्लास करियर का पहला शतक ठोक डाला। ठाकुर ने छक्के के साथ अपनी सेंचुरी पूरी की। शार्दुल ने पहले चौका मारा और फिर स्टेप आउट कर जबरदस्त छक्का लगाते हुए अपनी सेंचुरी पूरी की। ठाकुर ने महज 89 गेंदों पर अपना शतक ठोका। इस वक्त उनकी जमकर सरहाना हो रही है।

तमिलनाडु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। हालांकि उनकी बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। तमिलनाडु 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मुंबई की तरफ से तुषार देशपांडे ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।



इसके जवाब में मुंबई का टॉप ऑर्डर पूरी तरह से फ्लॉप हो गया। मुशीर खान के अलावा कोई और बल्लेबाज कुछ ज्यादा योगदान नहीं दे पाया। हालांकि इसके बाद लोवर ऑर्डर में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी की। मुंबई ने अब तक 88.4 ओवर में 9 विकेट पर 303 रन बनाए हैं।

### सेमीफाइनल में शार्दुल ठाकुर ने जड़ा शतक

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए तीनों फॉर्मेट खेलने वाले शार्दुल ठाकुर ने तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में दमदार शतक ठोका है। ठाकुर ने 105 गेंदों का सामना कर 103.81 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाए हैं। इस पारी में शार्दुल ने 13 चौके और 4 छक्के जड़े हैं। हालांकि कुलदीप सेन ने उन्हें आउट कर दिया।

### शार्दुल ठाकुर का इंटरनेशनल करियर

32 साल के शार्दुल ठाकुर ने भारत के लिए अब तक 11 टेस्ट, 47 वनडे और 25 टी20 मुकाबले खेले हैं। उनके नाम टेस्ट में 331, वनडे में 329 और टी20 में 69 रन है। वहीं टेस्ट में शार्दुल ने 31 विकेट, वनडे में 65 और टी20 में 33 विकेट झटके हैं।

# क्रिकेटर रॉबिन मिंज का रोड एक्सीडेंट, बाइक के परखच्चे उड़े, ऑक्शन में मिले थे 3.6 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** देश के उभरते क्रिकेटर और आईपीएल 2024 ऑक्शन में 3.6 करोड़ रुपये पाने वाले गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज का शनिवार को एक्सीडेंट हो गया। झारखंड से आने वाले इस युवा खिलाड़ी को फिलहाल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। 21 वर्षीय रॉबिन अपनी कावासाकी सुपरबाइक चला रहे थे तभी दूसरी बाइक से टकराने के बाद उनका संतुलन बिगड़ गया। रॉबिन के पिता फ्रांसिस मिंज ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि उनके बेटे को मामूली चोटें आई हैं और फिलहाल उनका ऑब्जर्वेशन किया जा रहा है।

### बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई बाइक

रांची एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी गार्ड रॉबिन के पिता फ्रांसिस के अनुसार, रॉबिन ने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया जब वह दूसरी बाइक से टकरा गई। गनीमत रही कि अभी चोटें गंभीर नहीं हैं और रॉबिन की बारीकी से निगरानी की जा रही है। टक्कर में रॉबिन की सुपरबाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उनके दाहिने घुटने पर कुछ चोटें आई हैं। हाल ही में, रॉबिन कर्नाटक के खिलाफ सीके नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के बाद घर लौटे थे। नॉकआउट मुकाबले में रॉबिन मिंज ने शानदार 137 रन बनाए थे।





### रॉबिन के पिता से मिले थे गिल

रॉबिन को प्री-सीजन कैंप के लिए गुजरात टाइटंस से जुड़ना था, लेकिन इस समय यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी भागीदारी में देरी होगी या नहीं। पिछले साल, आक्रामक बल्लेबाज को गुजरात टाइटंस ने मिनी-ऑक्शन में 3.6 करोड़ रुपये में खरीदा था। कप्तान शुभमन गिल को चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट के बाद रांची से फ्लाइट पकड़ने के दौरान रॉबिन के पिता फ्रांसिस मिंज से मिलने का मौका मिला।

रांची एयरपोर्ट पर बतौर सुरक्षा गार्ड काम करने वाले फ्रांसिस मिंज ने सभी भारतीय क्रिकेटर्स से बातचीत की। आईपीएल में अपने बेटे के कप्तान गिल के साथ मुलाकात की फोटोज इंटरनेट पर वायरल हुई थी। रॉबिन के पिता फ्रांसिस जेवियर मिंज लगभग दो दशकों तक सेना में सेवा देने के बाद अब गार्ड की नौकरी करते हैं। फ्रांसिस का बेटे के बड़े आईपीएल अनुबंध के बावजूद नौकरी छोड़ने का कोई इरादा नहीं है।

# देशपांडे और ठाकुर ने तमिलनाडु को मुश्किल में डाला

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के खिलाफ बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स की घास वाली पिच पहले बल्लेबाजी चुनने के बाद तमिलनाडु की टीम पहली पारी में 146 रनों पर ढेर हो गई। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने तमिलनाडु के शीर्ष क्रम के अपनी सीम गेंदबाजी से उखाड़ फेंका तो बाद में स्पिनर तनुष कोटियान और मुशीर खान ने टी के बाद के सेशन में निचले क्रम को टिकने नहीं दिया। मुंबई ने दिन का खेल समाप्त होने तक पृथ्वी शॉ (5) और भुपेन ललवानी (15) के विकेट गंवाए लेकिन मुशीर और नाइटवॉचमैन मोहित अवस्थी ने इसके बाद टीम को कोई और झटका नहीं लगने दिया। अवस्थी ने शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर पहले दिन मुंबई का दबदबा बनाने में अहम भूमिका निभाई। क्रीज से दूर जाकर खेलने के प्रयास में एन जगदीशन के बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और गेंद शॉर्ट लेग के हाथों में चली गई। वहीं ठाकुर ने अपने पहले ही ओवर में बी साई सुदर्शन को अंदर आती गेंद पर पगबाधा कर दिया।

# कॉन्ट्रैक्ट से बाहर होते ही श्रेयस अय्यर का फॉर्म गायब

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सिर्फ 8 गेंद खेलकर चलते बने

**मुंबई।** बीते हफ्ते श्रेयस अय्यर ऐसे पहले क्रिकेटर बन गए, जिन्हें रणजी ट्रॉफी न खेलने के कारण बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हाथ धोना पड़ा था, लेकिन जिस तरह से वह घरेलू क्रिकेट में भी शॉर्ट बॉल से एक्सपोज नजर आ रहे हैं, वह उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। रणजी ट्रॉफी में ऐसे खेल के साथ तो उन्हें ऐसे भी कॉन्ट्रैक्ट मिलता नहीं दिख रहा है।

तमिलनाडु के खिलाफ जारी सेमीफाइनल मुकाबले में श्रेयस अय्यर सिर्फ आठ गेंद में तीन रन बनाकर चलते बने। अय्यर के फैंस को विश्वास था कि उनका पसंदीदा क्रिकेटर बल्ले से आलोचकों को करारा जवाब देगा, लेकिन ऐसा हो न सका। ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हुए श्रेयस अय्यर को तेज गेंदबाज संदीप वारियर ने क्लीन बोल्ड कर दिया।



### घरेलू टेस्ट में पास करने की चुनौती

श्रेयस अय्यर ने 2015-16 के रणजी सीजन में 1330 रन बनाए थे। इतने रन एक सीजन में मुंबई का और कोई बल्लेबाज नहीं बना पाया है। इस मामले में वह ओवरऑल चौथे नंबर पर हैं। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट में आने के बाद वह उस बेस को भूल गए जहां से नाम बनाकर वह टेस्ट कैप हासिल करने में सफल रहे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन जिन परिस्थितियों में वह वापसी कर रहे हैं, उन पर काफी प्रेशर है। वह अच्छी तरह जानते होंगे कि घरेलू क्रिकेट में अपने इस बड़े टेस्ट को उन्हें हर हाल में पास करना ही होगा।

### तमिलनाडु का मुंबई पर पलटवार

मुंबई ने क्वॉर्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। वहीं तमिलनाडु ने गत चैंपियन सौराष्ट्र को हराया था। सेमीफाइनल में तमिलनाडु का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला उस वक्त गलत साबित होता नजर आया, जब पहले ही ओवर में बिना कोई रन बनाए तमिलनाडु ने पहला विकेट गंवा दिया था। इसके बाद 42 रन पर पांच विकेट गिर गए तो पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान साई सुदर्शन ने अपनी दमदार स्पिन से मुंबई को भी घुटनों पर ला दिया। पृथ्वी शॉ (5), भूपेन लालवानी (15), अजिंक्य रहाणे (19), शम्स मुलानी (0) सस्ते पर निपट गए। सरफराज खान के भाई मुशीर खान ने सबसे ज्यादा 55 रन बनाए। खबर लिखे जाने तक मुंबई 147 रन पर सात विकेट गंवा चुकी थी और उसके पास एक रन की लीड थी।

# इस बल्लेबाज के टेक्निक में झोल है... 8वीं बार सिर पर लगी गेंद, बाउंसर से हालत खराब हो जाती है

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज विल पुकोवस्की को तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में विक्टोरिया की तरफ से खेलते हुए सिर में चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पुकोवस्की ने तब खाता भी नहीं खोला था जब रिले मेरडिथ का बाउंसर उनके हेलमेट पर लगा। यह केवल दूसरी गेंद थी जिसका वह सामना कर रहे थे। यह 26 साल के इस खिलाड़ी को इससे पहले भी कई बार सिर में चोट लगने के कारण कनकसन (हल्की बेहोशी की स्थिति) का शिकार बन चुका है।

मेरडिथ की उठती हुई गेंद उनके हेलमेट के बाएं हिस्से में लगी। पुकोवस्की चोट लगने के बाद घुटनों के बल बैठ गए। उन्हें तुरंत ही चिकित्सा मदद मुहैया कराई गई। इसके बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। उनकी जगह टीम में कैंपबेल कलावे को स्थानापन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया। क्रिकेट विक्टोरिया के प्रवक्ता ने कहा, 'पुकोवस्की अभी चिकित्सकों की निगरानी में है। हम उचित समय पर उनकी स्थिति की जानकारी देने का प्रयास करेंगे।' इस साल जनवरी में भी पुकोवस्की के सिर में चोट लगी थी। इससे उबरने के बाद उन्होंने पिछले महीने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ मैच में 131 रन बनाए थे।



# SRH ने इस दिग्गज खिलाड़ी को बनाया अपना गेंदबाजी कोच, पहले IPL में कर चुका नाम

**नई दिल्ली।** आईपीएल के आगामी सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के नए गेंदबाजी कोच जेम्स फ्रैंकलिन होंगे। पूर्व कीवी ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन को रिप्लेस करेंगे। स्टेन को 2022 में हैदराबाद का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। क्रिकइंफो को पता चला है कि स्टेन ने निजी कारणों के चलते आईपीएल से बाहर रहने का फैसला किया है।

### पहली बार आईपीएल में कोचिंग करेंगे फ्रैंकलिन

फ्रैंकलिन के लिए आईपीएल में कोचिंग का यह पहला अनुभव होगा। वह 2011 और 2012 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। फ्रैंकलिन को हैदराबाद में उनके हमवतन डैनियल वेटोरी का साथ मिलेगा, जिन्हें 2023 के सीजन के बाद टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। फ्रैंकलिन इस समय पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड के सहायक कोच भी हैं।



हैदराबाद के पास भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस, उमरान मलिक सहित कई तेज गेंदबाज हैं जबकि उनके पास वनिंदू हसरंगा, वॉशिंगटन सुंदर और शाहबाज अहमद के रूप में स्पिनर्स भी मौजूद हैं। 2022 में हैदराबाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर थी जबकि पिछली बार वह 10वें स्थान पर थी। ऐसे में वेटोरी और फ्रैंकलिन के सामने हैदराबाद के प्रदर्शन को सुधारने की चुनौती होगी। हैदराबाद के प्रदर्शन में आई गिरावट की बड़ी वजह लगातार हो रहे परिवर्तन भी हैं। पिछले सीजन ब्रायन लारा को टॉम मूडी की जगह टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था लेकिन एक सीजन के बाद ही लारा को भी हटा दिया गया। 2023 के ऑक्शन में जाने से पहले ही हैदराबाद ने उनके लिए आठ सीजन खेल चुके केन विलियमसन को रिलीज कर दिया था जबकि डेविड वॉर्नर को भी उन्होंने 2021 में ही रिलीज कर दिया था। पिछले सीजन से दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम के पास हैदराबाद की कप्तानी है।

# नाथन लियोन ने रचा इतिहास, डब्लूटीसी के इतिहास में यह कमाल करने वाले पहले गेंदबाज

**वेलिंग्टन।** ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह अपनी दूसरी पारी तीन विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और उसकी पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट हासिल किए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार मैच में 10 या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइटवॉचमैन के रूप में 41 रन की महत्वपूर्ण पारी भी खेली थी।



### नाथन लियोन ने बनाए ये रिकॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन के नाम अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (10) फाइव विकेट हॉल हो गए हैं, उन्होंने भारत के रविचंद्रन अश्विन (नौ) को पछाड़ दिया है। लियोन अब टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने दिग्गज क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श को पछाड़ दिया। लियोन के नाम अब 128 टेस्ट मैचों में 527 विकेट हो गए हैं और उनका औसत 30.35 का है। उन्होंने अपने करियर में उन्होंने 24 बार पांच विकेट और पांच बार 10 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 11 मैच में लियोन ने 18.90 की औसत से 60 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम 50 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में उनका औसत पांचवां सर्वश्रेष्ठ है। लियोन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन बार पांच विकेट भी लिए हैं। इसके अलावा वह न्यूजीलैंड में छह विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए हैं।

# डब्लूटीसी पॉइंट्स टेबल में भारत को मिला नंबर 1 का ताज



**नई दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 (डब्लूटीसी) की शुरूआत हो गई है। यह टूनामेंट का तीसरा चक्र है। न्यूजीलैं के बाद टीम इंडिया दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। अंत में टॉप-2 पर रहने वाले टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाता है। एशेज 2023 से टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरूआत हुई है। भारतीय टीम ने टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की अपनी पहली सीरीज 1-0 से जीती। वहीं पाकिस्तान ने श्रीलंका को अपनी पहली सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया है। अभी वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। पहले मैच को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम कर लिया है।

### टेस्ट चैंपियनशिप में कैसे मिलते हैं पॉइंट

मैच जीतने पर 12 अंक दिए जाएंगे। मैच टाई होने पर 6, ड्रॉ होने पर 4 और हारने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। वहीं पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स की बात करें तो जीतने पर 100, टाई पर 50, ड्रॉ रहने पर 33.33 और हारने पर कोई पॉइंट्स नहीं मिलेगा। टीमों को पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स के आधार पर तय किया जाएगा।

# जर्मनी बना वर्ल्ड चैंपियन, पूर्व विजेता बेल्जियम को हराया



**नई दिल्ली।** रविवार को ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में जर्मनी ने बेल्जियम को सडन डेथ शूटआउट में हराकर वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। फुल टाइम तक स्कोर 3-3 से बराबरी पर छूटने के बाद विजेता के फैसले के लिए शूटआउट का सहारा लिया गया। दोनों ही टीमों को पांच-पांच मौके दिये गये। लेकिन स्कोर एक बार फिर 3-3 से बराबरी पर रहा। इसके बाद सडन डेथ शूटआउट में जर्मनी ने बेल्जियम पर 2-1 से जीत दर्ज की। डिफेंडिंग चैंपियन बेल्जियम अपनी ट्रॉफी की रक्षा नहीं कर पाया। दोनों ही टीमें पूरे टूनामेंट में अपराजेय रही थी।

# आईपीएल 2024 की तैयारी में जुटी येलो आर्मी, एमएस धोनी का टीम को इंतजार

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 (आईपीएल 2024) को शुरू होने में कुछ ही दिन रह गए हैं। आईपीएल 2024 की उलटी गिनती चालू हो गई है। जिसे देखते हुए एमएस धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नई सुपर किंग्स के कुछ खिलाड़ी चेन्नई पहुंच गए हैं और उन्होंने प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। सीएसके का अभ्यास शिविर चेन्नई में होने जा रहा है। इस अभ्यास शिविर के लिए दीपक चाहर और ऋतुराज गायकवाड़ समेत कई स्टार खिलाड़ी चेन्नई पहुंच चुके हैं। वैसे भी दीपक चाहर और ऋतुराज गायकवाड़ के लिए आईपीएल 2024 काफी अहम होने जा रहा है। दोनों खिलाड़ी आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करके फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार (1 मार्च) को खिलाड़ियों के पहले बैच के आगमन की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हैंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था। फि शनिवार को ओपनर बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ भी चेन्नई पहुंच गए। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। टीम के कप्तान एमएस धोनी के आगमन की अभी पुष्टि नहीं हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते बीसीसीआई ने शुरूआती 21 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया था। शुरूआती 17 दिनों की अवधि के दौरान 21 मैच होंगे। ये 21 मैच 10 शहरों में खेले जाएंगे। इस शेड्यूल की खास बात यह है कि ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स अपने शुरूआती घरेलू मुकाबले वाइजैग (विशाखापत्तनम) में ही खेलेगी। वहीं बाकी टीमों के घरेलू मैच उनके होम ग्राउंड पर होने वाले हैं।



# मुंबई ने बैंगलोर को हराकर टॉप पर किया कब्जा, आरसीबी की लगातार दूसरी हार

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने चौथे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 7 विकेट से हराकर वुमेंस प्रीमियर लीग 2024 में तीसरी जीत दर्ज की। आरसीबी को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। लो स्कोरिंग मुकाबले में मुंबई ने आसानी से बाजी मार ली। मुंबई इंडियंस टीम 6 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले नंबर पर पहुंच गई है जबकि आरसीबी चौथे नंबर पर खिसक गई है। मुंबई ने 27 गेंद बाकी रहते मुकाबले को अपने नाम किया।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करती दिखीं जिससे टीम छह विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने फिर बल्लेबाजी में भी दबदबा बनाते हुए यह लक्ष्य 15।1 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर हासिल कर लिया। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने 31 रन, हेली मैथ्यूज ने 26 रन और निमतित कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन का योगदान दिया।



यास्तिका ने 16 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 31 रन बनाकर टीम को तेज शुरूआत कराई। फिर मैथ्यूज और नैट साइवर ब्रंट ने उपयोगी योगदान दिया। अमेलिया की 24 गेंद में सात चौके जड़ित नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। इससे पहले आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 रन और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन नहीं बनाए होते तथा दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन की भागीदारी नहीं की होती तो आरसीबी इस स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती।

मुंबई की टीम अपनी नियमित कप्तान हरमनप्रीत और मुख्य तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं। लेकिन मैदान में उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं और मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों की सही लाइन एवं लेंथ के आगे टिक नहीं सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में नौ रन) धैर्य खोने के कारण तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को मैदान के बाहर पहुंचाने की कोशिश में नैट साइवर ब्रंट को आसान कैच देकर आउट हुईं। टीम की शीर्ष क्रम की अन्य बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ।

ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने अपना शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने आउट किया। पैरी ने हालांकि दिखाया कि ऐसी पिच पर रन कैसे जुटाये जाते हैं, उन्होंने गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाने के लिये सही गेंद चुनीं। उन्होंने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर लगातार गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई।

# वार्ड 61 में पार्षद शिल्पा चौधरी व कार्यकर्ताओं के साथ लाभार्थी जनसंपर्क अभियान में घर-घर पहुंचे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने वार्ड-61 में लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लाभार्थियों से संपर्क किया तथा उनके द्वारा लिए गए लाभ के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर के पार्षद शिल्पा चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, महामंत्री कांति त्यागी, मंत्री सुषमा नागर, निशा यादव, पुनीश त्यागी, हरिओम गुर्जर, हर्ष चौहान, अनीता, सुशीला बर्मन, शुवेता, संध्या अग्रवाल, प्रभावती सिंह, रुवी राजपूत, अनीता वर्मा, त्रिजी पांडेय, गीता, नीलम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। जिसमे घर घर संपर्क कर घरों पर स्टीकर चुपकाये व प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की योजनाओं के पत्रक लोगों तक पहुँचाये।



# मोहनगर में पीवीसी कंपनी में लगी आग, दीवार तोड़कर पाया आग पर काबू

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहनगर इंडस्ट्रियल एरिया में भीषण अगलगी की खबर है। यहां पीवीसी डोर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में आग लग गई है। यह कंपनी मोहन नगर इंडस्ट्रियल इलाके में लगी है। इस आग को बुझाने के लिए दमकल कर्मी मौके पर मौजूद हैं।

आग लगने से धुआं के बवंडर को साफ देखा जा सकता है। दमकल विभाग की टीम इस आग पर काबू पाने में लगी हुई है। आग को फैलने से रोकने के लिए उसपर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया की पीवीसी प्लास्टिक के समान बनाने की कंपनी में आग लगी, जिसका धुआं चारों और बहुत तेजी से फैला। उन्होंने बताया पर काबू पाने के लिए दीवार तोड़कर गई। मोके पर 11 गाड़ी से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई।



# गाजियाबाद में मूसलाधार बारिश: ओले भी पड़े

## वाहन चलाने में हुई लोगों को दिक्कत, ठंड बढ़ी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में रविवार शाम को अचानक से तेज बारिश शुरू हो गई। गाजियाबाद के निवासियों का ना सिर्फ बारिश से सामना हुआ बल्कि इस दौरान ओले भी झमाझम गिरे। बारिश और ओलो की रफ्तार इतनी तेज थी की वाहनों के पहियों पर ब्रेक लग गए। इस बारिश ने और ओले गिरने से अचानक तापमान में ठंड बढ़ गई है।

गाजियाबाद में रविवार शाम लोग जिस समय घूमने और अपने काम से निकले थे उसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। गाजियाबाद निवासी सचिन ने बताया कि अचानक से इतनी तेज बारिश शुरू हुई और ओले गिरे के वाहन जहां थे वहीं रोकने पड़े। सड़क पर विजिबिलिटी बिल्कुल खत्म हो गई थी।

बारिश इतनी तेज थी की सड़क पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। साथ ही ओलो की रफ्तार इतनी तेज थी की



ऐसा लग रह रहा था की गाड़ी पर पत्थर गिर रहे हैं।

**बारिश के चलते सड़कों पर जाम :** वहीं गाजियाबाद निवासी पंकज ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रविवार शाम को खरीदारी के लिए निकले लेकिन तेज बारिश ने सारा प्लान चौपट कर दिया। बारिश के चलते सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिली वहीं अचानक से एक बार फिर ठंड भी बढ़ गई है।

# महर्षि दयानंद की 200 वीं जयंती पर निकाली प्रभातफेरी, किया महायज्ञ

## देश की आजादी में महर्षि दयानंद व आर्य समाज का उल्लेखनीय योगदान: प्रवीण आर्य







**गाजियाबा (करंट क्राइम)।** रविवार को महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयन्ती पर आर्य समाज के अनुयाइयों ने वृंदावन ग्रीन साहिबाबाद सोसाइटी से प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी का उद्घाटन केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने किया।

प्रभात फेरी राज बाग, वृन्दावन गार्डन, राम नगर से होती हुई पुनः वृन्दावन ग्रीन सोसाइटी के प्रांगण में संपन्न हुई। प्रभात फेरी का मार्ग में गणमान्य लोगों ने स्वागत किया।

स्वागत करने वालों में विजेन्द्र सैनी, आर डब्ल्यूए के पूर्व प्रधान सुनील चौधरी, विनोद भड़ाना मण्डल अध्यक्ष, मदन राय पार्षद वार्ड 86, रामनिवास बंसल निगम पार्षद वार्ड 70, विजय आर्य, पंचायत सेवा समिति संस्थान के अध्यक्ष सीके सिंह आदि तथा वरिष्ठ लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भगवा ध्वज लिए आर्य वीरों ने प्रभात फेरी में आर्य समाज अमर रहे, ऋषि दयानंद की जय के गगन भेदी नारों का गुंजार कर ऋषि द्वारा प्रतिपादित वेद मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वृन्दावन ग्रीन सोसाइटी में आचार्य ओमपाल शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ किया गया। मुख्य यज्ञमान श्रीमती अमिता आर्या एवं देवेन्द्र आर्य तथा कुसुम लता एवं चौधरी सत्यवीर रहे। के के यादव, मास्टर विजेंद्र आदि गायकों ने गीतों को सुनाकर ऋषि महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर जगवीर सिंह आर्य, राम पाल चौहान, विजेन्द्र आर्य, राज कुमार आर्य, जगदीश सैनी, सत्यवीर सैनी, डा प्रमोद सक्सेना, यज्ञवीर चौहान, श्रीमती कविता राठी आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला मंत्री सुरेश आर्य ने किया।

# पार्षद विनय चौधरी ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार वार्ड 68 में पार्षद विनय चौधरी ने रविवार को कई महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया है।

पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि वार्ड 68 ब्रिज विहार, बी ब्लॉक बी 248 के सामने वाले पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य होना है और इस पार्क के सौंदर्यीकरण के साथ, व वार्ड 68 बृज विहार ए ब्लॉक अर्जुन पार्क में सोलर हाई सोलर मास्ट लाइट लगवाईं गई।

वार्ड 68 के निवासियों को रात्रि में भी सुरक्षित और उज्वल जागह मिलेगी। इस शुभ अवसर पर ब्रिज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, भाजपा मीडिया संयोजक अशोक पाण्डेय, वी पी शर्मा एस पी पंथ, अशोक चौधरी, सुशील सिंह, यूसी सक्सेना, ललन सिंह, एस के तिवारी, वीरेंद्र यादव, रणविजय सिंह, डॉक्टर कसाना, दीपांशु शर्मा, देवेंद्र शर्मा दीप तोमर, अरुण वर्मा, जेटली आलोक कुमार, दीनानाथ, अग्रवाल साहब, गुलेरिया, मास्टर ध्यानी आदि लोगो मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी ने पार्षद विनय चौधरी का आभार व्यक्त किया, और कहा क्षेत्र में विकास के कार्य के लिए पार्षद हमेशा तैयार रहते हैं।

# राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) के पदाधिकारी नियुक्त किये गये




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय जाट महासभा के आनन्द चौधरी के निवास पर आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का गठन कर नये पदाधिकारी नियुक्त किये गये। सुनील चौधरी महरौली को उपाध्यक्ष, कुलदीप चौधरी कुसेडी, को जिला सचिव युवा, विप्लव चौधरी को मंडल महासचिव युवा की बड़ी जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजयपाल प्रमुख, संदीप चौधरी प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी, जिला महासचिव सोहनवीर चौधरी, मंडल अध्यक्ष चौधरी मोहित मलिक, मंडल उपाध्यक्ष सागर चौधरी, मंडल महासचिव विप्लव चौधरी, जिलाध्यक्ष युवा विशाल नरवाल, जिला सचिव युवा कुलदीप चौधरी उपस्थित रहे।

# बृज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ किया लाभार्थी जनसंपर्क

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को ब्याज बिहार मंडल में मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी द्वारा कार्यकताओं के साथ घर-घर जाकर लाभार्थी जनसंपर्क जनसंपर्क अभियान के तहत सरकार की योजनाओं को लोगों को बताई।

मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने बताया महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा दिशा निदेशों पर बृज विहार मण्डल, सेक्टर 12, वार्ड सँख्या 68 बृजविहार राधाकुंज की बूथ 246 पर लाभार्थी जनसंपर्क किया गया। इस कार्यक्रम पूर्व पार्षद पति अजय त्यागी, मण्डल उपाध्यक्ष यू लसी सक्सेना, मण्डल मंत्री सुशील सिंह, सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष पुष्पेंद्र कौशिक, अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ जिसमें आजम खान (टीवी अभिनेता) श्री मोहित पांडे, ल विक्रम सिंह सिसोदिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# संजीव तेवतिया मेरठ मंडल अध्यक्ष बने



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारियों ने रविवार को मीटिंग का आयोजन किया। इसमें संजीव तेवतिया को मेरठ मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। संजीव तेवतिया ने बताया कि वह संगठन को मजबूत करेंगे। साथ ही किसानों की विभिन्न समस्याएं हैं जिनका समाधान नहीं कराया जा रहा। उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयू शर्मा, जितेंद्र कसाना, राकेश शर्मा, यामीन सैफी, विपिन कौशिक, अंजली शर्मा कार्यकताओं ने संजीव तेवतिया का स्वागत किया।




# 2024 में जलवा दिखा रहा है 2015 बैच




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों 2015 बैच का जलवा सिर चढ़कर बोल रहा है। खास कार्यालय से लेकर थानों के प्रभारी और प्रमुख चौकियों पर इस बैच का कब्जा नजर आता है। एक समय था जब पुलिस सिस्टम में 2001 का बोलबाला नजर आता था लेकिन पुलिस कमिश्नरेट का हाल बता रहा है कि इन दिनों 15 वालों की जमकर चल रही है। सिटी से लेकर देहात के प्रमुख थानों में थानाध्यक्ष 15 वालों के नाम हैं। तो खास चौकी से लेकर जिम्मेदारी वाले पब्लिक रिलेशन ऑफिसर की भूमिका भी 15 वाले बैच के नाम ही है। शहर से लेकर देहात की खास चौकियों पर जो बोर्ड लगे हैं, उनमें 15 वालों का नाम चढ़ रहा है, तो वही कमिश्नरेट के खास अधिकारियों के कार्यालय में भी 15 वालों के नाम की गूंज है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बताते हैं भले 2015 वालों का सिटी में विकेट गिरा हो पर नई विकेट भी 2015 वालों के नाम की ही जमी। इसके साथ ही चौकियों पर फेरबदल हुआ तो भी एक्सचेंज स्कीम में नंबर 15 वालों का ही आया। जिले में नंबर एक और दो के अधिकारियों के पास भी जो पब्लिक रिलेशन वाली जिम्मेदारी है वह भी इसी बैच के नाम है। वहीं सूत्र बता रहे हैं की खास ड्यूटी से लेकर प्रमुख ऑफिसेज की भी जिम्मेदारी 15 वाला बैच ही संभाल रहा है। कुल मिलाकर पुलिस महकमें कभी जिस तरीके से 2001 वालों की बात नजर आती थी, आजकल यही हाल 2015 वालों के बीच बना हुआ है। इन दिनों पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद में प्रमुख थानों की प्रमुख चौकियों और एसीपी साहब से लेकर डीसीपी साहब की गुड वर्किंग बुक में भी 15 वालों के नाम ही ज्यादा नजर आ रहे हैं। जिनकी चर्चा विभाग के अंदर और बाहर दोनों जगह जमकर हो रही है। इसी बीच सुनने में आ रहा है कि जिस तरह से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में 2015 वाले बैच की टीआरपी बढ़ रही है उससे कई स्तर के पुलिस अधिकारियों से लेकर महकमें के अंदर भी कई तरह की चर्चाएं सुनने में आ रही है। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि 2015 बैच को चुनावों के बाद भी कई सौंगात मिल सकती हैं। इन सबके बीच सूचना मिल रही है कि जिस तरह से एक खास ऑफिस में फिर ऐसी बैच को भेजा गया है। उससे इस बैच के कई अन्य फेस भी हाई जोश में बताए जा रहे हैं।

# वार्ड- 76 के पार्षद गौरव सोलंकी ने सोलर हाई मास्क लाइट का किया उद्घाटन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वार्ड- 76 वैशाली के पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने वैशाली के सेक्टर- 2 स्थित श्रीराम वाटिका पार्क में एक नई सोलर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया। श्री सोलंकी ने बताया कि उनकी पहल पर यूपी नेडा द्वारा यह लाइट लगवाई गई है। उन्होंने बताया कि यह लाइट पूर्ण रूप से सोलर द्वारा संचालित रहेगी। अंधेरा होने पर यह लाइट खुद अपने आप ही जल जायेगी और दिन निकलने पर खुद ही बंद हो जायेगी।

# विस्तारक योजना भविष्य के कार्यकर्ता निर्माण की योजना है: योगेश त्रिपाठी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र की लोकसभा एवं कलस्टर बैठक बिजनौर भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, कैराना, मुजफरनगर के सभी विधानसभा एवं लोकसभा विस्तारकों एवं पालकों के कार्यों की समीक्ष हुई।

बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक, भाजपा पश्चिम क्षेत्र विस्तारक प्रमुख योगेश त्रिपाठी एवं सह प्रमुख, अनूप वाल्मीकि ने मुरादाबाद कलस्टर जिसमें 4 लोकसभा -मुरादाबाद, सँभल, अमरोहा, रामपुर के सभी लोकसभा एवं विधानसभा के विस्तारकों को भाजपा द्वारा तय किए गए बूथ के सभी कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री नड्डाजी द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन में सभी लोकसभा बूथों पर नए 370 मतदाताओं को जोड़ने के संकल्प को पूर्ण करने का लक्ष्य सभी विस्तारकों को दिया।

विजय बहादुर पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जो विस्तारक अपने कार्य को तय समय में पूर्ण करेगा पार्टी ऐसे विस्तारकों को भाजपा संगठन में उचित स्थान देगी। भाजपा पश्चिमी क्षेत्र विस्तारक प्रमुख योगेश त्रिपाठी ने कहा कि विस्तारक योजना भविष्य के कार्यकर्ता निर्माण की योजना है इसलिए विस्तारकों को अभी मंच, माला और माइक से दूर रहना चाहिए किंतु पार्टी की रीति नीति जहाँ कम वहाँ हम का भी ध्यान रखना है। भाजपा लगातार विस्तारकों के माध्यम से क्षेत्र में हो रही सभी गतिविधियों एवं अभियानों को सरल ऐप एवं नमो ऐप के माध्यम से समीक्षा कर रही है।




# नेहरू वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नेहरू वर्ल्ड स्कूल में रविवार को सी0बी0एस0सी की प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इंटरपटिंग चिकन नाटक था, जिसे अंग्रेंजी में प्रस्तुत किया गया। नाटक को कक्षा एक और कक्षा दो के छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया, यह वार्षिकोत्सवदो पारी में संपन्न हुआ।

विद्यालय के एग्जीक्यूटिव हैड टीचर सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत प्रेरणात्मक शब्दों के साथ किया। कार्यकम के विशेष अतिथि डॉ अपूर्वा राज भनौध एवं डा0 सुनील कुमार पंवार, डा0 काम्या वर्मा एवं डा0 प्रणय

कुमार स्वर्णकार रहे। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से हुआ, जिसे आत्मविश्वास से भरे नन्हे छात्रों ने प्रस्तुत किया। यह नाटक अनेकों छोटी-छोटी कहानियों को मिलाकर बनाया गया था जिसकी हर कहानी अभिभावकों को भारत की पुरानी संस्कृति, बच्चों को कहानी सुनाने के प्रचलन को पुनर्जाग्रत करने का प्रयास कर रही थी। इस नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि कहानियां श्रवण कौशल व व्यक्तित्व-विकास में सहायक होती हैं। छात्रों ने अपने अभिनय, संगीत और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया और उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डायरेक्टर अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की तथा भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया।





# महिलाओं के साथ मारपीट, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव रावली कलां में शादी समारोह में बैंकेट हॉल के गेट पर फूल बरसाने के काम करने वाली दो महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

लोनी राहुल गार्डन निवासी फरहा व दीपा शादी समारोह में बैंकेट हॉल के मुख्य गेट पर खड़ी होकर आने वाले अतिथियों पर फूल बरसाने का काम करती है। शनिवार रात को वह दोनों गांव रावली कलां स्थित एक फार्म हाउस में आई थी। बताया जा रहा है कि शनिवार रात को महिलाओं के साथ दो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला फरहा ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सन्नी निवासी गांव कुम्हैड़ा थाना निवाड़ी व गुन्नु निवासी गांव रावली कलां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।



# टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी आग को बुझाने में दमकलकर्मियों की राह में मौसमी परिस्थितियां बनी बाधा



**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में अग्निशामकों को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग को पैनहैंडल शहर के बड़े हिस्से में फैलने से रोकने के लिए शनिवार को बढ़ते तापमान और तेज हवाओं जैसी कठिन मौसमी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

स्मोकहाउस क्रीक आग को टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग माना जा रहा है। जंगल में आग सोमवार को लगी लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे लगी। इसके बाद यह टेक्सास के कैनेडियन शहर के आसपास फैल गई।

बुधवार तक आग पैनहैंडल में बड़े पैमाने पर खेतों तक फैल गई थी और बृहस्पतिवार तक यह राज्य की सबसे भीषण आग में तब्दील हो गई। आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे अग्निशामकों की टीम के प्रवक्ता जेसन नेडलो ने बताया कि दमकलकर्मियों का लक्ष्य उत्तरी और पूर्वी सीमा पर आग पर काबू पाना है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम से चल रही तेज हवाओं से आग की लपटों के कई एकड़ जमीन में फैलने का खतरा है।

आग लगने की इस घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। भीषण आग से टेक्सास के पैनहैंडल में मैदान तबाह हो गए है, मवेशी मारे गए हैं, घर जल गए हैं और इस प्रकार से कुल 500 निर्माणस्थल नष्ट हुए हैं।

टेक्सास ए एंड एम वन सेवा ने शनिवार को कहा कि आग लगने की एक और घटना हुई और देखते ही देखते आग की लपटें ओक्लाहोमा सीमा को पार कर गई है। इस आग से 4,400 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र जल गया है। नेडलो ने कहा कि मौसम की जारी स्थिति से यह अनुमान लगाना अभी संभव नहीं है कि आग की लपटों पर पूरी तरह से कब नियंत्रण पाया जा सकेगा।

# लाल सागर में डूबा पहला मालवाहक जहाज

## हूती विद्रोहियों ने पिछले हफ्ते बनाया था रूबीमार को निशाना

**दुबई।** इजरायल हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हूती आतंकियों के हमले जारी हैं। हूती हमले में पहली बार एक मालवाहक जहाज पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर शुक्रवार को डूब गया। जहाज रूबीमार पर पिछले हफ्ते हमला बोला गया था।

### यमन ने की जहाज के डूबने की पुष्टि

यमन की ओर से शनिवार को इसके डूबने की पुष्टि की गई है। ब्रिटिश स्वामित्व वाला जहाज 41,000 टन फर्टिलाइजर लेकर जा रहा था। यमन सरकार ने कहा है कि इस जहाज के डूबने से पर्यावरण संबंधी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं।

### ब्रिटिश मैरीटाइम ट्रेड आगेर्नाइजेशन ने जारी किया बयान

ब्रिटिश मैरीटाइम ट्रेड आगेर्नाइजेशन की ओर से शनिवार को कहा गया है कि उसे यमन के मोखा बंदरगाह से 15 समुद्री मील पश्चिम में एक जहाज पर हमले की सूचना मिली थी। चालक दल जहाज को लंगर डालने का प्रयास कर रहे थे। सैन्य अधिकारियों द्वारा उन्हें निकाला गया। इसके साथ ही इस रूट पर खतरा और बढ़ गया है। पहले ही कई जहाज मार्ग से हट चुके हैं। डूबने से जलमार्ग पर चलने वाले जहाजों के लिए और अधिक मार्ग परिवर्तन और उच्च बीमा दरें देखने को मिल सकती हैं। यह भी आशंका जताई जा रही है कि इससे इजरायल-हमास युद्ध और विस्तृत हो सकता है, जिससे पश्चिम एशिया का माहौल अस्थिर हो सकता है।




### अमेरिकी सेना ने हूती के ठिकानों को बनाया निशाना

अमेरिकी-ब्रिटिश सैन्य गठबंधन ने यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह में हूती ठिकानों के खिलाफ दो हवाई हमले किए। हमलों ने शहर के पश्चिम में उसके मोबाइल मिसाइल लॉन्चरों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह हमला हूती की मिसाइल के खिलाफ आत्मरक्षा के लिए किया गया था। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने कहा कि मिसाइल को हूती लाल सागर की ओर लॉन्च करने वाला था। इसकी वजह से लाल सागर में अमेरिकी विमानों के लिए खतरा पैदा हो जाती।

# सोमवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे शहबाज शरीफ, संसद में आसानी से बहुमत किया हासिल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता शहबाज शरीफ नवनिर्वाचित संसद में आसानी से बहुमत हासिल करने के बाद रविवार को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज (72) को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। इस दौरान पीटीआई समर्थित सांसदों ने नारेबाजी की। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति निवास ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग किए जाने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था।

# 21 सैन्य विमानों और 6 नौसैनिक जहाजों के साथ ताइवान में घुसा चीन, आर्म्ड ऑफिसर रख रहा पैनी नजर

**ताइपे।** ताइवान के आसपास चीन के 21 सैन्य विमानों और छह नौसैनिक जहाजों का पता लगाया गया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे के बीच ये विमान देखे गए। ताइवान के एमएनडी के अनुसार, 21 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से एक चीनी ड्रोन ने ताइवान स्ट्रेट मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम कोने में प्रवेश किया। इसके अलावा, 9 PLA विमान ADIZ के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में प्रवेश कर गए।

### मार्च से अब तक 30 चीनी सैन्य विमानों को देखा गया

मार्च में अब तक ताइवान ने चीनी सैन्य विमानों को 30 बार और नौसैनिक जहाजों को 14 बार देखा।



ताइवान समाचार की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2020 से, चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके ग्रे जोन रणनीति का उपयोग तेज कर दिया है। शनिवार को ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 1 मार्च की सुबह 6 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे के बीच ताइवान के आसपास 9 चीनी सैन्य विमान और 8 नौसैनिक जहाजों का पता चला।

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के नौ में से चार विमानों ने ताइवान स्ट्रेट मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम कोने में प्रवेश किया। एमएनडी ने कहा कि उसने स्थिति की निगरानी की और उचित संसाधनों और बलों को तैनात करके जवाब दिया।

### चीन की कार्रवाई पर ताइवान की नजर

ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चीन की कार्रवाई के बाद, ताइवान ने पीएलए गतिविधि पर नजर रखने के लिए वायु रक्षा वायु रक्षा मिसाइल तैनात की। सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा 'ताइवान के आसपास एक्टिव 21 PLA विमान और 6 PLAN जहाजों का आज सुबह 6 बजे तक पता चला। 10 विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के रह अऊक्रेमें प्रवेश कर गए। ताइवान के आर्म्ड ऑफिसर ने स्थिति पर नजर रखी है और प्रतिक्रिया देने के लिए उचित बलों को नियुक्त किया है।'

# गाजा युद्धविराम की रूपरेखा पर सहमत हो गया है इजराइल, हमास को करना होगा फैसला : अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि इजराइल ने अनिवार्य रूप से प्रस्तावित गाजा युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते की रूपरेखा का समर्थन किया है, और अब इस पर सहमत होना हमास पर निर्भर करता है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इजराइली लोगों ने प्रस्ताव को कमोबेश स्वीकार कर लिया है, जिसमें गाजा में छह सप्ताह के युद्धविराम के साथ-साथ हमास द्वारा उन बंधकों की रिहाई शामिल है, जो बीमार, घायल, बुजुर्ग और महिलाएं हैं। अधिकारी ने कहा, इजराइली लोगों ने मूल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। फिलहाल, गेंद हमास के पाले में है और हम जितना संभव हो सके इसे आगे बढ़ाना जारी रख रहे हैं।

# बीएपीएस हिंदू मंदिर में ऐसे कपड़े पहनकर गए तो नहीं होगी एंट्री, पालतू जानवरों को लेकर भी कड़े नियम



**अबू धाबी।** अबू धाबी में बीएपीएस (बीएपीएस) हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।

बीएपीएस हिंदू मंदिर ने अपने (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए आम लोगों को मंदिर को लेकर जानकारी साझा की। इसमें लिखा गया कि 'प्रतीक्षा समाप्त हुई! अबू धाबी मंदिर अब सभी आगंतुकों और उपासकों के लिए खुला है। खुलने का समयः मंगलवार से रविवारः सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक होगा और प्रत्येक सोमवार मंदिर बंद रहेगा।

### ये हैं गाइडलाइन

इसके अलावा बीएपीएस हिंदू मंदिर ने श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए एक गाइडलाइन जारी की जिसका मंदिर में दर्शन करते समय पालन करना अनिवार्य होगा। इसमें विशेष ड्रेस कोड से लेकर फोटोग्राफी से संबंधित नियमों का पालन करना जरूरी होगा। सभी गाइडलाइंस मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर शेयर किए गए हैं। बता दें कि मंदिर ने यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाए कि किसी व्यक्ति की उस स्थान पर यात्रा 'सुरक्षित, आनंददायक और सम्मानजनक' हो। गाइडलाइन के अनुसार, पालतू जानवरों को मंदिर परिसर में लाने की अनुमति नहीं है। आगंतुकों को चाकू, खाद्य पदार्थ, सामान, ड्रोन, सिगरेट, पेय पदार्थ, साइकिल या स्केटबोर्ड ले जाने की भी अनुमति नहीं है।

# फिलीपींस, खाड़ी देश... भारत-रूस की ब्रह्मोस मिसाइल की क्यों दीवानी हो रही है दुनिया

**दुबई।** भारत की मिसाइलों की दुनियाभर में लोकप्रियता बढ़ रही है। इसकी बानगी मिसाइलों को लेकर बढ़ती मांग से देखी जा सकती है। खाड़ी देशों से लेकर अफ्रीकी मुल्कों तक, सब भारत की मिसाइलें हासिल करना चाहते हैं। भारत की क्रूज मिसाइलें हवा और जमीन से लॉन्च किए जाने वाले दोनों वर्जन पेश करती हैं। ऐसे में अपनी मिसाइल क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से खाड़ी देशों और उत्तरी अफ्रीका के देशों के लिए भारत एक पसंदीदा विकल्प के रूप में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।




स्पुतनिक इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल ने खासतौर से अरब मुल्कों और अफ्रीकी देशों का ध्यान खींचा है, जिससे उनके रक्षा शस्त्रागार में मिसाइल के लिए अलग रुचि बनी है। विशेष रूप से सुखोई लड़ाकू जेट बेड़े वाले देशों ने मिसाइल प्रणाली के प्रति विशेष आकर्षण दिखाया है जो अपनी अनुकूलनशीलता के लिए जाना जाता है। हवा और जमीन से लॉन्च किए जाने वाले दोनों वेरिएंट के साथ, ब्रह्मोस उन देशों के लिए एक पसंदीदा विकल्प बन रहा है जो अपनी मिसाइल क्षमताओं को बढ़ाना चाहते हैं। इसमें भारत 450 किलोमीटर से अधिक के लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइले खास हैं।

# चीन को पड़ोसी म्यांमार ने दिया तगड़ा झटका, रूस से बढ़ाए संबंध

## तेल, फाइटर जेट से लेकर मिलिट्री ट्रेनिंग तक दे रहे पुतिन

**नाएप्यीडॉ।** म्यामांर में भारत और चीन की सीमा से लगे राज्यों में विभिन्न जातीय समूहों के साथ म्यांमार की सेना का संघर्ष चल रहा है। इस बीच म्यांमार की जुंटा चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में जुट गया है। म्यांमार की जुंटा रूस के साथ अपने संबंधों का विस्तार कर रही है। म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक संबंध मंत्री, डॉ. कान जॉ ने हाल ही में रूस का दौरा किया था। यहां उन्होंने एक गहरे समुद्र के बंदरगाह, एक विशेष आर्थिक क्षेत्र , पेट्रोलियम रिफाइनरी, एक थर्मल पावर प्लांट (660 मेगावाट) और एक 330 मेगावाट के डेवलपमेंट से जुड़ी जानकारी ली।

इसके अतिरिक्त, सूत्रों के अनुसार, इस दौरे का उद्देश्य राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देना था। विद्रोही



समूहों का मुकाबला करने के लिए, म्यांमार ने पिछले साल रूस से अपने वायु सेना को बिजली देने के लिए अपने तेल आयात में वृद्धि की। मार्च से जून 2023 के बीच, जुंटा के नेतृत्व वाली सरकार ने 80 लाख बैरल से अधिक तेल का आयात किया। यह रूस और म्यांमार जुंटा के बीच बढ़ती साझेदारी को दिखाता है। पिछले साल अक्टूबर से, म्यांमार जुंटा और जातीय समूहों के बीच तेज लड़ाई के कारण म्यांमार-रूस रक्षा सहयोग में तेजी आई है।

# नहीं थम रहा विदेशों में भारतीय नागरिकों की मौत का सिलसिला, आबिदजान में इंडियन कपल की संदिग्ध मौत

**आबिदजान।** विदेशों में भारतीय नागरिकों की हत्या का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पहले अमेरिका में भारतीय क्लासिकल डांसर अमरनाथ घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई तो वहीं अब पश्चिम अफ्रीकी देश आइवरी कोस्ट के आबिदजान में दो भारतीय नागरिकों की मौत की खबर मिली है। मृतकों की पहचान संतोष गोयल और संजय गोयल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों भारत से आइवरी कोस्ट जा रहे थे।

### परिवार की मदद कर रहा भारतीय दूतावास

भारतीय दूतावास ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।७ (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक आधिकारिक बयान में, भारतीय दूतावास ने खुलासा किया कि वह शवों को भारत वापस भेजने की सुविधा के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है। दूतावास ने यह भी कहा है कि वह शोक संतप्त परिवार को व्यापक सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने पोस्ट में कहा 'हम संतोष गोयल और संजय गोयल के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारा दूतावास इस दुखद समय में परिवार को हर संभव सहायता देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए त्वरित और सुचारू परिवहन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।' इसके अलावा दूतावास ने इस बात पर जोर दिया कि वह भारतीय नागरिकों की मौत के आसपास की परिस्थितियों की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए बारीकी से काम कर रहा है। दूतावास ने बयान में कहा कि हम मामले की व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाना और शोक संतप्त परिवार को जवाब देना है। हम इस स्थिति में स्पष्टता लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।'

# पाकिस्तान-ईरान के आतंकी गुट तस्करी के लिए कर रहे भारत के समुद्र तटों का इस्तेमाल!

**तेहरान।** भारत के वेस्ट कोस्ट और समुद्री क्षेत्र का इस्तोल भारत और पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी हथियार और ड्रग्स तस्करी के लिए कर रहे हैं। इसके लिए जो तरीका इस्तेमल होता है, वो एकदम फिल्मी होता है। जिससे पकड़े जाने पर भी इसके सरगना का पता ना चले। ये कैसे होता है, उसे इससे समझा जा सकता है कि इस साल 11 जनवरी को अमेरिका की नौसेना ने सोमाली तट के पास अरब सागर में एक छोटी नाव को रोका था। इस नाव का उपयोग एशियाई मछुआरों और स्थानीय व्यापारी करते हैं। अमेरिकी सैनिकों को इस नाव में ईरान में बने हथियार मिले। इन हथियारों में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइ और एंटी शिप क्रूज मिसाइल के हिस्से भी थे। इस ऑपरेशन में नाव से 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी के पास पाकिस्तानी पहचान पत्र थे। शुरूआती पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे पाकिस्तान से आए हैं। बाद में उन्होंने कहा कि वे ईरान के चाबहार बंदरगाह से रवाना हुए थे



संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अनुसार, नाव से जो मिसाइल पार्ट मिले, वो हूती विद्रोहियों के लिए थे और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने भेज थे। इस घटना के करीब दो महीने बाद भारतीय अधिकारियों ने मंगलवार को पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनके पाकिस्तानी होने का संदेह है। अरब सागर में गुजरात के तट पर जिस नाव को भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने जब्त किया गया। उससे 3,000 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स मिला है। नशीली दवाओं और हथियारों की तस्करी के लिए नावों का इस्तेमाल भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रही है। अरब सागर में चलने वाले ऐसे हर जहाज को रोकना और उसकी तलाशी लेना असंभव है, क्योंकि समुद्र में बड़ी संख्या में नावें होती हैं। भारत का पश्चिमी तट दक्षिण में कन्याकुमारी (तमिलनाडु) से लेकर उत्तर में सूरत (गुजरात) तक लगभग 1,500 किमी तक फैला हुआ है। यह तस्करी और अवैध नौकाओं के लिए पसंदीदा लैंडिंग स्थान बन रहा है, जो भारत में खेप पहुंचाने के लिए पाकिस्तानी और ईरानी तटों से रवाना होते हैं।

# अमेरिका में शुरू हुआ बीजेपी का प्रचार, पहली लिस्ट आते ही एक्टिव हुए ओवरसीज फ्रेंड्स

**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करने पर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने और स्वयंसेवा करने का संकल्प लेते हुए अपना 2024 का प्रचार अभियान शुरू किया है। भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की है जिनमें से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाराणसी समेत 51 सीट उत्तर प्रदेश से हैं।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (OFBJP), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करने के बाद कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारत में लोकसभा के 543




सदस्यों को चुनने के लिए अप्रैल और मई 2024 के बीच आम चुनाव प्रस्तावित हैं।

### 3000 सदस्यों ने किए हस्ताक्षर

भारतीय-अमेरिकियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत विभिन्न भारतीय राज्यों में मामलों के उनके विश्लेषण पर प्रस्तुतियां दीं। अभी तक 3,000 से अधिक स्वयंसेवियों ने ओएफबीजेपी द्वारा समन्वित विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बीजेपी की ओर से जारी पहली लिस्ट में पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भोजपुरी सिंगर पवन सिंह को टिकट दिया गया था। पवन सिंह के कारण यह सीट चर्चा में आ गई थी। लेकिन रविवार को अचानक उन्होंने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है।

# मीडिया 11 और इलाहाबाद पुरातन परिषद के बीच हुआ रोमांचक क्रिकेट मैच

## पत्रकारों और अधिकारियों का दिखा खेल के मैदान में अलग अंदाज, बारिश के चलते डकवर्थ लुइस सिस्टम से निकला मैच का परिणाम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्रिकेट का खेल ना सिर्फ रोमांच लाता है बल्कि यह आपसी मेलजोल को भी बढ़ता है। उसी के तहत रविवार को नेहरू नगर स्थित वीवीआईपी क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया-11 गाजियाबाद और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र परिषद के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जहां दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने खेल भावनाओं का शानदार परिचय देते हुए क्रिकेट के खेल के रोमांच को बढ़ाने का प्रयास किया।

हालांकि बारिश की वजह से मैच पूरा नहीं हो पाया और डकवर्थ लुइस सिस्टम के तहत इलाहाबाद पुरातन छात्र परिषद की टीम ने विजय हासिल की। टी-20 मैच का शुभारंभ एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान उन्होंने भी बल्लेबाजी करते हुए इस मैत्रीपूर्ण मैच का उद्घाटन किया। पत्रकार एकादश की ओर से कप्तान दीपक चौधरी रहे, तो वहीं इलाहाबाद पुरातन विश्वविद्यालय परिषद की ओर से कप्तान अरुण सिंह बने। मैच का परिणाम विजेता के रूप में इलाहाबाद पुरातन परिषद के नाम रहा। मैच के समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**यह रहे मौजूद:** क्रिकेट मैच के दौरान मीडिया-11 टीम की ओर से वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी, दीपक भाटी, शक्ति सिंह, दीपक चौधरी, लोकेश राय, बबलू गुर्जर (नितिन), जितेंद्र गौतम , संजीव शर्मा, अशोक शर्मा शाकिब अली, आकाश गर्ग, तेजेंद्र सिंह, डॉ बी जमा, आलोक यात्री, अजय औदिच्य, गौरव शशि नारायण, उदयवीर, शाहबाज खान, सनी गौतम, रोहित सिंह, आशुतोष गुप्ता, अमित राणा और सैयद अली मेहंदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं अव्वा टाइगर्स की ओर से दीपक सैनी, निक्की, बुद्ध सागर, नवीन चंद्र, मंजुल पांडे, अरुण कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, धर्मेंद्र चौहान, गौरव चंद्रा, राहुल परीदा, गौरव, अमित सिंह, आलोक और जय सिंह की उपस्थित रही।

### सभी ने लिया दीपक भाटी की कमेंट्री का आनंद



(करंट क्राइम)। क्रिकेट मैच के दौरान माहौल को खुशनुमा और खेल भावना से प्रेरित करने के लिए दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने कमेंट्री की कमान संभाली। इस दौरान उन्होंने शानदार कमेंट्री करते हुए खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। तो वहीं इलाहाबाद पुरातन छात्र परिषद के खिलाड़ियों ने भी उनकी शानदार कमेंट्री की तारीफ की। अंत में उन्हें शानदार कमेंट्री के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान पत्रकार शक्ति सिंह, अली मेंहदी और लोकेश राय ने भी कमेंट्री में हाथ आजमाया।



### मीडिया-11 ने पहले की बल्लेबाजी, पर पूरा नहीं हो सका मैच

(करंट क्राइम)। मीडिया-11 के कप्तान दीपक चौधरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। मीडिया-11 की टीम को शुरूआती झटके लगे और फिर बीच में बल्लेबाज जितेंद्र गौतम ने नॉटआउट 36 रन की पारी खेली। वहीं सैयद अली मेहंदी ने 14 रन का योगदान दिया। तो वहीं शक्ति सिंह ने भी 11 रन बनाते हुए टीम के स्कोर को 20 ओवर में 104 रन तक पहुंचने में योगदान दिया। बल्लेबाज संजीव शर्मा, लोकेश राय, आकाश, साकिब अली और तेजिंदर सिंह कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। वहीं इलाहाबाद पुरातन छात्र परिषद की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाज आदित्य और अमित की जोड़ी ने मैदान के चारों ओर चौकें छक्कों की बौछार कर दी और मात्र 6 ओवर में 76 रन बना डालें। इसके बाद बारिश की वजह से मैच पूरा नहीं हो सका और अंत में डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर इलाहाबाद की टीम ने मैच एक तरफ जीत लिया।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं श्रीमान ? लोकसभा चुनाव वाली घोषणा में था भगवा कमांडर का भी नाम ? ब्राह्मण फैक्टर पर थी लखनऊ के गलियारों में पहलवान के दोस्त के नाम की भी चर्चा ? अगर गाज़ियाबाद की सीट ब्राह्मण कोटे में जाती तो पार्टी को नहीं था कमांडर के नाम पर भी कोई हर्जा ? मगर जैसे ही पड़ोस वाले जनपद में हुआ महेश जी का टिकट ? बह गए सभी अरमान, परिस्थितियाँ हो गई विकट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक सीनियर विधायक को है अभी से भविष्य में होने वाली टिकट की घोषणा का एहसास ? वो दे रहे है अपने लोगों में संदेश कि गाज़ियाबाद में भगवा टिकट हर सूरत में जाना है ठाकुर चेहरे के पास ? विधायक दे रहे है इसके पीछे अपने वाले तर्क ? कह रहे है यू तो टिकट साहब का ही फाइनल है ? अगर किसी वजह से उनका नहीं हुआ ? तो इस कारण नहीं पड़ेगा ठाकुर फैक्टर में कोई फर्क.? टिकट तोमर साहब का हो या कोई और ठाकुर साहब ? वो जाएगा इन्ही में से किसी के पास ? हम जानते है अपनी पार्टी की रणनीति, बस थोड़ा इंतजार करो आप ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अरुण जी के तरुण जी इन दिनों बहुत ज्यादा आकर्षण का केन्द्र बन गये है यार ? जब से हुआ है गाज़ियाबाद का टिकट होल्ड, तब से उनके मोबाइल की घंटियाँ घनघना रही है लगातार ? हर कोई दे रहा है उनको एडवांस में बधाई ? वो अपनी खुशी को बहुत दबाने की कोशिश कर रहे है ? मगर उनकी दबी हुई मुस्कुराहट दे रही हर किसी को दिखाई ? इससे पहले कोई उन्हें पूरा कुरेदने के करे प्रयास ? वो जुबानी गियर डालकर बदल देते है बात ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल के नेता अपनी राजनीति का अन्दाज रखना चाहते है एक दम बोल्ड ? वो कमल को अपना प्रत्याशी मानकर हर किसी को कर रहे है होल्ड ? सुना है सीट होल्ड होने से पहले ही एक पूर्व विधायक ने दिल्ली जाकर कर ली थी पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी से मुलाकात ? कह दिया था उनसे , मैं हर स्तिथि में हूँ आपके साथ ? समझने वाले समझ नहीं पा रहे है इस मुल्कात का राज ? मगर पूर्व विधायक को बता रहे है बहुत ही ज्यादा स्मार्ट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक ओबीसी पार्षद पंज पार्षदों की टोली को ले रहे थे नगर निगम में बैठकर एक पार्षद कड़कड़ाते हुए निशाने पर ? कह रहे थे विकास का तो सिर्फ.मुखौटा है ? इनका मामला तो है सिर्फ.कमाने पर ? वो दे रहे सामने बैठे व्यक्ति को यही संदेश ? ये सब समस्त कण्ट्रोलिंग अपने हाथों में लेना चाहते है ? इसलिए ये एक मामले को पूरी शिद्दत से उठाते है ? हम इनके बारे में सब जानते है साहब ? आप बैठना कभी फुरसत निकाल कर हमारे साथ ? गिना देंगे हम आपको इनकी छुपी हुई हसरतों के तमाम हिसाब ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व मेम्बर राठौर, वर्तमान भगवा मेम्बर के माध्यम से कर रहे हैं भाजपा में आने का प्रयास ? सुना है विनय भैया के साथ आजकल ये इधर उधर के चक्कर लगा रहे है बेहिसाब ? मैं राठौर साहब को बताना चाहता हूँ बहुत आसान वाला रास्ता ? जिससे काफी ईजी हो जाएगी इनकी जॉइनिंग वाली दास्तान ? ये पार्षद के साथ भटकने से अच्छा है डायरेएक्ट जाकर कर लें भगवा कमांडर से मुलाकात ? मुलाकात होते ही रेड फेस में उनकी जॉइनिंग को बना देंगे साहब ? हमारी सलाह को मानेंगे तो नहीं होगा उनका टाइम वेस्ट ? भाजपा भी उन विपक्षी चेहरों को सिर माथे पर ले रही है ? जिनका मामला बताया जाता है समाज और क्षेत्र में बेस्ट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात आजकल हमारी समझ से हो गई है बाहर ? क्यों नहीं हो रहे है भगवा गढ़ की सक्रिय राजनीति में प्रेम त्यागी के दीदार ? राजनीति के मँझे हुए चेहरे मिस कर रहे है प्रेम भैया का फेस ? कह रहें है, जरूर कुछ ना कुछ है इस खामोशी के पीछे का संदेश ? प्रेम भैया जैसे 24 घंटे उपलब्ध रहने वाले कार्यकर्ता इतने लंबे समय तक रख ही नहीं सकते खुद को भाजपा की गतिविधियों से दूर ? जरूर हुई है कोई बड़ी बात ? जिसे सीने में दफ़्न किए हुए है सौम्यता की मिसाल रखने वाले त्यागी हुज़ूर ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज कल भगवा कमांडर के अति प्रिय क्रांतिकारी त्यागी जी की क्रांति करने वाली वीडियो खूब वायरल हो रही है श्रीमान ? इस वीडियो में उनके तेवर कर रहे है सभी को हैरान ? माना हमने कि विरोधियों ने की होगी उनके साथ कोई गहरी साज़िश, इस लिए वो रोक नहीं पाये अपने गुस्से वाले अरमान ? हमे पता है अपनी मेम्बर बीवी के साथ वो मोहल्ले के विकास को दे रहे है रोजाना बड़े आयाम ? मगर हम इस सब के बावजूद देने चाहते है उनको नेक सलाह ? राजनीति में गुस्सा करके नहीं हुआ है आज तक किसी का भला ? गुस्सा होकर कर दिया उन्होंने खुद ही अपने विरोधियों का काम आसान ? वायरल हुआ वीडियो है इस बात का सबसे बड़ा है प्रमाण ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाले एरिया में भगवा मीडिया वाले ठाकुर साहब स्टील मेन के नाम से स्थापित कर रहे है अपनी पहचान ? इनके तेवर किसी बड़े या छोटे नेता का भेदभाव नहीं करते ? बस ये जिसको निशाने पर लेना चाहते है ? उसको ले लेते है श्रीमान ? इनकी इसी क्रांतिकारी वर्किंग की चर्चा हो रही पूरे क्षेत्र में आउट ? अगर आपको कोई गलतफहमी हो तो दूर कर सकते हो इनके खास लोगों से बात करके सभी डाउट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अरमान तो कइयों के टिकट होल्ड होने के बाद बाहर आने को है बेकरार ? मगर सभी ने सिल ली है अपनी जुबान ? रोक कर रख लिये है अपने उद्गार ? सुना है ये सभी चेहरे कर रहे पूरी शिद्दत से 6 मार्च को होने वाली घोषणा का इंतजार ? सभी को है अभी पूरा डाउट ? अगर टिकट रिपीट हो गया तो बात कैसे सम्भालेंगे ? क्यों कि कभी वापस नहीं आते हैं वो शब्द , जो हो जाते है एक बार जुबान से आउट ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# आगामी चुनाव में भाजपा के अलावा जनता के पास और कोई विकल्प नहीं : अजय गुप्ता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा है कि आने वाले 2024 के चुनावी महाकुंभ के यज्ञ में आम जनता के पास वोटों की आहुति देने के लिए भाजपा के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र की स्मिता के लिए, पिछले 10 सालों का इतिहास गवाह है कि देश को विश्व में ऊंचाइयों पर लाकर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत देश का नाम भारत में ही नहीं, पूरे विश्व में तिरंगे का सम्मान करते हुए ऊंचाइयों पर लाकर खड़ा कर दिया।



1947 में देश को आजादी मिली, पर हम आजाद नहीं हुए, पिछले 10 सालों में, हमें गर्व है प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी के तमाम सहयोगियों पर, जिन्होंने भारत को ऊंचाइयों के शिखर पर पहुंचा दिया। अजय गुप्ता ने कहा कि हर जनमानस का एक-एक बहुमूल्य वोट बहुत ही कीमती है। सारे कौरव एक साथ खड़े हैं, पांडवों को हराने के लिए, पर एक पार्थ अकेला खड़ा है, भारतवर्ष को ऊंचाइयों पर लाने के लिए और वह पार्थ है नरेंद्र मोदी, जिसका निशान कमल का फूल है, जिसने पिछले 10 सालों में अनेकों फैसले ऐसे किए कि जिसको हम सपने में भी नहीं सोच सकते थे, इसलिए देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने के लिए 2024 में हमको बीजेपी का परचम लहराना होगा, और कोई विकल्प नहीं है।

अजय गुप्ता ने कहा है कि अपने मत का प्रयोग नैतिकता के आधार पर करके, भारत को हर क्षेत्र में ऊंचाइयों पर लाने का कार्य, आपका एक वोट ही करेगा। देश का भविष्य पीएम मोदी और बीजेपी के मजबूत कंधों पर लाना ही हमारा राष्ट्र भक्ति का संदेश है, पीएम मोदी एक नाम ही नहीं, एक भारत की गारंटी भी है, जिसको हमें किसी के बहकावे में आकर नहीं भूलना चाहिए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वंश वृद्धि होती है तो इसकी सर्वाधिक खुशी दादी से ज्यादा किसे हो सकती है। उनके अंश से उनके वंश की वृद्धि हुई है। आशा सिंह दादी बन गई है उनके परिवार में नन्हा राजकुमार आ गया है। दादी की गोद में पोता और दादी चाहती हैं कि सब अपने आशीर्वाद शुभाशीष से उनके नन्हे राजकुमार का स्वागत करें। आशा सिंह ने अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। खुशियों भरी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।